राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 27
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शनिवार 27 दिसंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट

पेज 3 हाइब्रिड मॉडल पर हो सकता है न्यू नोएडा में अधिग्रहण

पेज 4 दबंगई की हदें पार : महिला की पीट-पीटकर हत्या

पेज 6 रिंकू सिंह ने 11 चौकों और 4 छक्कों की मदद से लगाया शतक

## सेंगर को जमानत के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर प्रदर्शन

### उन्नाव रेप केस की पीड़ित बोली- डरने वाली नहीं हूं; सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की

**उन्नाव।** उन्नाव रेप केस में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की सजा सस्पेंड होने के फैसले के खिलाफ सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। 23 दिसंबर को दिल्ली हाईकोर्ट ने सेंगर को बेल दी थी।

इस फैसले के बाद नाराजगी बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को पीड़ित परिवार और सोशल एक्टिविस्ट महिलाओं ने दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर प्रदर्शन किया।




पीड़ित ने कहा- मैं कुलदीप सेंगर की सज़ा सस्पेंड होने से डरने वाली नहीं हूं। फैसला देने वाले जज से सवाल पूछा जाए, यह मेरा और जनता का अधिकार है। क्योंकि हर जज ऐसा नहीं होता है। मुझे सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा है।

**पीड़िता ने कहा-**

बेल के आदेश से मेरे परिवार की सुरक्षा और रोज़ी-रोटी खतरे में पड़ गई है। इस आदेश ने मुझे और मेरे जैसी कई महिलाओं को पिंजरे में बंद कर दिया है। यह मेरे परिवार के लिए खतरा है। मेरे पति की भी नौकरी चली गई है। हम क्या करें?

पीड़ित ने कहा- डर मुझे चुप नहीं करा पाएगा। उसे लगा कि हम चुप रहेंगे और डर जाएंगे। अभी उसने एक महिला को उसके दुर्गा अवतार में नहीं देखा है।

हम डरेंगे नहीं। यह इस देश की महिलाओं के लिए न्याय की लड़ाई है। मुझे परवाह नहीं कि हमें जेल हो जाए, लेकिन हम लड़ते रहेंगे।

## दिल्ली में आज से 13 जिले, पहले 11 थे

**शहादरा को नॉर्थ ईस्ट में मिलाया गया; 13 साल बाद पहले हुआ था आखिरी बदलाव**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जिलों की संख्या 11 से बढ़ाकर 13 कर दी गई है। पुनर्गठन के तहत तीन नए जिले- ओल्ड दिल्ली, सेंट्रल नॉर्थ और आउटर नॉर्थ बनाए गए हैं। जबकि शाहदरा जिले को नॉर्थ ईस्ट में मिला दिया गया है।

दिल्ली सरकार ने अपने बयान में कहा कि ये बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। इससे प्रशासनिक कामकाज और नागरिक सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सकेगा। नए जिले बनाने को लेकर नोटिफिकेशन गुरुवार को जारी किया गया था। जानकारी आज सामने आई है।

13 नए जिलों में साउथ ईस्ट, पुरानी दिल्ली, नॉर्थ, नई दिल्ली, सेंट्रल, सेंट्रल नॉर्थ, साउथ वेस्ट, आउटर नॉर्थ, नॉर्थ वेस्ट, नॉर्थ ईस्ट, ईस्ट, साउथ और वेस्ट शामिल हैं। दिल्ली में जिलों को लेकर बदलाव 13 साल बाद किया गया है। 2012 में आखिरी बार साउथ-ईस्ट और शाहदरा जिले बने थे।?

## संक्षिप्त खबरें

### केरल में पहली बार भाजपा का मेयर बना


**तिरुवनंतपुरम।** केरल में पहली बार भाजपा का मेयर चुना गया है। तिरुवनंतपुरम नगर निगम में शुक्रवार को हुए मेयर चुनाव में भाजपा के वीवी राजेश को 51 वोट मिले। जिसमें एक निर्दलीय पार्षद का समर्थन भी शामिल था। वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के पी शिवाजी को 29 वोट, जबकि कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार केएस सबरिनाथन को 19 वोट मिले। जिनमें से दो को बाद में अमान्य घोषित कर दिया गया। दरअसल 9 दिसंबर को तिरुवनंतपुरम नगर निगम के 101 वार्डों का रिजल्ट आया था। 50 वार्डों पर भाजपा जीती थी।

### मद्रास हाईकोर्ट बोला-भारत में बच्चों के लिए सोशल-मीडिया बैन हो

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार को सुझाव दिया कि ऑस्ट्रेलिया की तरह भारत में भी 16 साल से कम उम्र वालों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लगाई जाए। कोर्ट ने कहा कि इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने यह बात नाबालिगों को ऑनलाइन पोर्नोग्राफिक कंटेंट आसानी से मिल जाने के मुद्दे पर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कही। याचिकाकर्ता एस विजयकुमार के वकील केपीएस पलानीवेल राजन ने ऑस्ट्रेलिया के नए कानून का हवाला दिया था। कोर्ट ने कहा कि इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स पर और सख्त नियम लागू किए जाएं।

## भारत रत्न और पद्म अवॉर्ड उपाधि नहीं

### इसे नाम के आगे या पीछे नहीं लगा सकते, ऐसा करना कानूनी तौर पर गलत : बॉम्बे हाईकोर्ट



एजेंसी

**सुप्रीम कोर्ट के 1995 के फैसले का हवाला**

हाईकोर्ट ने 1995 में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले का जिक्र किया। उस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि पद्म पुरस्कार और भारत रत्न उपाधि नहीं हैं और इन्हें नाम के आगे या पीछे इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। जस्टिस सुंदरेसन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला संविधान के अनुच्छेद 141 के तहत सभी पर लागू होता है। इसका सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि आगे की कानूनी कार्यवाही में सभी पक्ष और अदालतें इस नियम का पालन करें।

**मुम्बई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि भारत रत्न, पद्म श्री, पद्म भूषण, पद्म विभूषण जैसे नागरिक सम्मान कोई उपाधि (टाइटल) नहीं हैं। ऐसे में इन्हें किसी के नाम के आगे या पीछे नहीं लगाया जा सकता है।

कोर्ट ने यह बात बुधवार को एक याचिका के केस टाइटल में पद्म श्री लिखे जाने पर की। दरअसल जस्टिस सोमशेखर सुंदरेसन की बेंच याचिका की सुनवाई कर रही थी।

इसमें 2004 में पद्म श्री से सम्मानित डॉ. शरद मोरेश्वर हार्डिकर भी एक पक्षकार थे। केस टाइटल में उनका नाम पद्म श्री डॉ. शरद मोरेश्वर हार्डिकर लिखा गया था। इस पर जज ने आपत्ति जताई। साथ ही कहा कि कानून के अनुसार ऐसा करना गलत है।

## देहरादून में त्रिपुरा के छात्र को चाकुओं से गोदा, मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में शराब के नशे में धुत युवकों ने बीच सड़क त्रिपुरा के एक छात्र को चाकुओं से गोद दिया। 17 दिन तक आईसीयू में चले इलाज के बाद आज एंजेल चकमा की मौत हो गई है। पुलिस को दी गई शिकायत में एंजेल के भाई ने बताया कि वो कुछ सामान खरीदने सेलाकुई में गए थे तभी कुछ युवक आए और उनपर कमेंट करने लगे। उन्हें चाइनीज, चिंकी और मोमोज जैसे शब्द बोले गए। जब दोनों भाइयों ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनपर पहले कड़े से और फिर चाकुओं से हमला कर दिया। पूरी घटना 9 दिसंबर 2025 की है, सेलाकुई थाने की पुलिस ने इस मामले में अभी तक कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## यूपी में एसआईआर से 2.89 करोड़ वोटर्स के नाम कटे

### 31 दिसंबर को फाइनल ड्राफ्ट आएगा; पहले 11 राज्यों से 3.69 करोड़ नाम हटे थे

**लखनऊ।** यूपी में एसआईआर यानी वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण का काम पूरा हो गया। प्रदेश में 2.89 करोड़ वोटर्स के नाम कट गए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया- एसआईआर होने से पहले यूपी में कुल 15 करोड़ 44 लाख मतदाता थे। 26 दिसंबर को पहले चरण के तहत गणना पत्र जमा करने और डिजिटलाइजेशन का काम पूरा हुआ है। अब तक 2.89 करोड़ मतदाता कम हुए हैं। फाइनल आंकड़े और ड्राफ्ट लिस्ट 31 दिसंबर को जारी की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार 1.26 करोड़ वोटर्स ऐसे हैं, जो यूपी से बाहर परमानेंट शिफ्ट हो चुके हैं। 45.95 लाख वोटर्स की मौत हो चुकी है। 23.32 लाख डुप्लीकेट हैं। 84.20 लाख लापता हैं और 9.37 लाख ने फॉर्म जमा नहीं किया है। यूपी में 15 दिन की समय अवधि बढ़ने से करीब दो लाख मतदाता बढ़े हैं।

इससे पहले 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की एसआईआर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट आ चुकी है। इनमें 3.69 करोड़ वोटर्स के नाम हटे हैं।

इनमें एमपी में 42.74 लाख, छत्तीसगढ़ में 27.34 लाख, केरल में 24.08 लाख, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 3.10 लाख वोटर्स, पश्चिम बंगाल में 58.20 लाख, राजस्थान में 41.85 लाख, गोवा में 11.85 लाख, पुडुचेरी में 1.03 लाख, लक्षद्वीप में 1,616, तमिलनाडु में 97 लाख, गुजरात में 73 लाख वोटर्स के नाम कटे हैं। यूपी में निर्वाचन आयोग ने एसआईआर का टाइम बढ़ाने की मांग दिल्ली चुनाव आयोग से की थी। भाजपा भी एसआईआर के लिए और वक्त चाहती थी। हालांकि, आयोग ने तीसरी बार एसआईआर की अंतिम डेट नहीं बढ़ाई।

प्रदेश में एसआईआर के पहले चरण में गणना पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर थी। पहले 7 दिन बढ़ाकर 14 जनवरी और फिर 14 दिन बढ़ाकर 26 दिसंबर किया गया।

**यूपी में 15.44 करोड़ मतदाता**

यूपी में एसआईआर से पहले 15.44 करोड़ वोटर्स थे। एसआईआर के बाद इनकी संख्या में दो से ढाई करोड़ कमी आने की संभावना थी। निर्वाचन आयोग ने बताया था कि 10 दिसंबर तक एसआईआर के बाद जो आंकड़े आए थे, उसके मुताबिक- 2.91 करोड़ नाम कम हो गए थे।



**श्रद्धांजलि**



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पहली पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## इंडिगो की फ्लाइट में 100+ यात्रियों का हंगामा

**दरभंगा।** खराब मौसम के चलते हैदराबाद से दरभंगा आ रही फ्लाइट को डायवर्ट किया गया है। 100 से ज्यादा यात्री कोलकाता में फंसे हैं। यात्रियों ने फ्लाइट के अंदर ही जमकर हंगामा किया है। विमान के अंदर हंगामे का वीडियो भी सामने आया है। हैदराबाद से दरभंगा आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6ई537 को निर्धारित समय दोपहर 2.05 बजे दरभंगा में उतरना था, लेकिन मौसम खराब होने के कारण विमान को कोलकाता डायवर्ट कर दिया गया। दरभंगा उतरने वाले यात्री अचानक कोलकाता पहुंच जाने से नाराज हो गए। विमान के अंदर ही यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया और पायलट और एयरलाइन स्टाफ पर दरभंगा पहुंचाने का दबाव बनाने लगे। यात्रियों का कहना था कि उन्हें बिना वैकल्पिक व्यवस्था के कोलकाता उतार दिया जा रहा है, जिससे उनकी आगे की यात्रा पूरी तरह बाधित हो गई है। कई यात्री फ्लाइट से उतरने को तैयार नहीं थे और विमान के अंदर ही विरोध जताते रहे। स्थिति को संभालने के लिए एयरलाइन स्टाफ यात्रियों को समझाने का प्रयास करता रहा, लेकिन काफी देर तक माहौल तनावपूर्ण बना रहा।

## ट्रक में घुसी कार के परखच्चे उड़े...तीन दोस्तों की मौत

### सांवलिया सेठ से दर्शन कर लौट रहे थे चारों, एमपी-राजस्थान बॉर्डर पर हादसा

**मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ निवासी चारों दोस्त सांवलिया सेठ के दर्शन कर आई-20 कार से लौट रहे थे**




जावद (नीमच)। नीमच जिले के नयागांव के पास एक तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार सवार तीन दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चौथा गंभीर रूप से घायल है।

हादसा गुरुवार रात करीब पौने 2 बजे मध्य प्रदेश-राजस्थान सीमा पर हुआ। मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ निवासी चारों दोस्त सांवलिया सेठ के दर्शन कर आई-20 कार से लौट रहे थे।

नयागांव बैरियर और फाटक के पास कार अचानक अनियंत्रित हो गई और आगे चल रहे ट्रक (ट्रॉले) के पीछे जा घुसी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। मृतकों की पहचान मल्हारगढ़ निवासी युवा व्यवसायी पिंकेश मांदलिया, उनके साथी भारत मोरी (डांगी) और लसूड़िया कदमाला निवासी गोवर्धन लसूड़िया के रूप में हुई है, वहीं भैंसाखेड़ा निवासी राय सिंह पिता गोरा कछावा गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

## चूरू : एक ट्रेलर और एसयूवी की टक्कर में पांच की मौत, तीन घायल

**जयपुर।** राजस्थान के चूरू में एक भीषण सड़क हादसा हुआ जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार शाम राजस्थान के चूरू जिले में एक ट्रेलर और एसयूवी की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

चौथमाल थाने के अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना सांडवा थाना क्षेत्र में हुई। उन्होंने बताया कि एसयूवी में सवार चार लोगों, जिनमें एक महिला भी शामिल थी, की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल व्यक्ति ने बीकानेर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।



पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान उमेद सिंह (55), प्रहलाद सिंह (35), दलीप सिंह (25), सभी लालगढ़ निवासी; राजू कंवर (40), नागौर जिले के श्यामसर निवासी; और नारायण राम (60) के रूप में हुई है, जिनकी बाद में बीकानेर में मौत हो गई। तीन घायलों को पहले सांडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और बाद में उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बीकानेर रेफर कर दिया गया।

पुलिस ने बताया कि एसयूवी में सवार सभी लोग पारिवारिक विवाद के सिलसिले में सांडवा गए थे, जिसे परामर्श के माध्यम से सुलझा लिया गया था। वे लालगढ़ लौट रहे थे तभी यह दुर्घटना हुई।

पुलिस ने आगे बताया कि दुर्घटना के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया और उसकी तलाश जारी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए सांडवा बाल चिकित्सा केंद्र के मुर्दाघर में रखा गया है।

**हत्या** — एसएसपी के पैरों में गिरी मां, रोते हुए बोली- जान के बदले जान चाहिए

## जंगलराज : गोरखपुर के कॉलेज में घुसकर 11वीं के छात्र की हत्या

गोरखपुर। गोरखपुर के कोऑपरेटिव इंटर कॉलेज में घुसकर 11वीं के छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। छात्र सुधीर दोपहर 1: 30 बजे कॉलेज के मैदान में दोस्तों के साथ खड़ा था। इसी दौरान चार बदमाश पहुंचे। सुधीर को देखते ही उन्होंने फायरिंग कर दी।

एक गोली सुधीर के गले को चीरती हुई निकल गई। वह मौके पर ही गिर पड़ा। गोलियों की आवाज सुनकर कॉलेज के छात्र दौड़ पड़े। भीड़ देख आरोपी तमंचा लहराते हुए बाइक से भाग निकले। वारदात के बाद कॉलेज में अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही घरवाले भी पहुंच गए। बेटे का शव देखकर मां बेसुध हो गई। गुस्साई भीड़ ने आरोपी छोटू के घर पर हमला कर दिया। उसकी मां और परिजनों को पकड़कर पीटा। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह उन्हें छुड़ाया।



सुधीर भारती
मृतक

फिलहाल, छात्र का शव छोटू के घर के बाहर रखकर भीड़ प्रदर्शन किया। करीब 2.30 घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस उन्हें समझा सकी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। इसी दौरान एक युवक गुस्से में पुलिस की गाड़ी के आगे लेट गया। स्थिति बिगड़ती देख एसएसपी राजकरन नय्यर मौके पर पहुंचे। उन्हें देखते ही छात्र की मां उनके पैरों पर गिर पड़ीं। एसएसपी ने उन्हें उठाया। मां रोते हुए बोलीं- जान के बदले जान चाहिए।

पुलिस जब लाश लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए चली तो परिजन भी साथ गए। उनकी मौजूदगी में थाने में स्नद्धक्र लिखी गई, इसके बाद परिजन शांत हुए। शुरुआती जांच में मोबाइल पर लगाए गए एक मोबाइल स्टेट्स का विवाद सामने आया है। इसको लेकर पुलिस जांच कर रही है।

पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान हो चुकी है और जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। 17 साल का सुधीर भारती पिपराइच के गढ़वा गांव का रहने वाला था।

पुलिस ने जब छात्रों और गांव के लोगों से पूछताछ की। तब सामने आया मर्डर का घटनाक्रम 10.30 बजे से शुरू हो गया था। सुधीर भारती और आरोपी छात्र स्कूल के खेल के मैदान में इकट्ठा थे। उनके बीच कुछ विवाद हुआ, ये मामला मोबाइल के स्टेट्स को लेकर था। स्टेट्स पर क्या लिखा गया था, ये क्लियर नहीं हुआ है।

## यूपी-पंजाब में घना कोहरा; दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण बढ़ा

**नई दिल्ली।** पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता ने उत्तर भारत के पहाड़ी और मैदानी इलाकों के मौसम को प्रभावित किया है।

हिमाचल प्रदेश के ऊंचे दर्रों में ताजा हिमपात हुआ है, जिससे पर्यटक उत्साहित हैं, वहीं मैदानी क्षेत्रों में घना कोहरा लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

मौसम विभाग ने नए साल पर कश्मीर में बर्फबारी की संभावना जताई है, जिससे पर्यटन स्थलों के गुलजार होने की उम्मीद है।

हिमाचल प्रदेश के रोहतांग, शिंकुला और बारालाचा दर्रे में ताजा हिमपात हुआ, जिसे देखकर पर्यटक झूम उठे।

हालांकि, दोपहर बाद मौसम साफ हो गया। अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर ही पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखा, जबकि निचले इलाकों में अधिकतर स्थानों पर बादल छाए रहे। शिमला, कुफरी और मनाली में भी बादलवाही रही।

बिलासपुर और मंडी जिलों में सुबह के वक्त घने कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम रही।

मौसम विभाग ने हिमाचल के निचले व मैदानी क्षेत्रों में 27, 28 व 29 दिसंबर के लिए घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

ऊना में कोहरे के चलते स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों का समय बदल दिया गया है; अब वे सुबह 10 बजे से दोपहर 3: 30 बजे तक संचालित होंगे।



## हैप्पी मॉर्निंग

चार दोस्त होटल में खाना खाने के बाद बिल देने को लेकर आपस में उलझ पड़े... आखिर में तय हुआ कि जो होटल का चक्कर लगाकर सबसे पहले आएगा, वो बिल देगा। मैनेजर ने सीटी बजाई, चारों भाग पड़े... 10 दिन हो गए, बेचारा मैनेजर आज भी उनके आने का इंतजार कर रहा है...!



## शायरी

सवाल ये है हवा आई किस इशारे पर
चराग़ किस के बुझे ये सवाल थोड़ी है

## अर्थसार

सेंसेक्स:
85,041.45
-367.25 (0.43%)
निफ्टी:
26,042.30
-99.80



## मौसम



अधिकतम : 19 डिग्री से0
न्यूनतम : 07 डिग्री से0
सूर्योदय रविवार : 7 : 20
सूर्यास्त शनिवार : 5 : 38

# संपादकीय

## शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी नाकामी : बोर्ड परीक्षाओं में विफलता



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारतीय शिक्षा व्यवस्था लंबे समय से रटंत प्रणाली और परीक्षा-केंद्रित सोच की कैद में है। कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं आज भी छात्रों के भविष्य का अंतिम निर्णायक मानी जाती हैं, मानो तीन घंटे का एक प्रश्नपत्र किसी व्यक्ति की पूरी क्षमता को परख सकता हो। लेकिन हकीकत यह है कि बोर्ड परीक्षाओं में विफलता छात्रों की नहीं, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र की सामूहिक असफलता है।

हाल के वर्षों के आंकड़े इस सच्चाई को और कठोर बनाते हैं। 2023 में लगभग 65 लाख छात्र 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाएं पास नहीं कर पाए। 2024 में भी यह संख्या करीब 50 लाख रही। यह कोई व्यक्तिगत चूक नहीं, बल्कि एक संरचनात्मक संकट है। खासतौर पर राज्य बोर्डों में विफलता दर 16-18 प्रतिशत तक पहुंच जाती है, जबकि Central Board of Secondary Education जैसे राष्ट्रीय बोर्डों में यह 6-12 प्रतिशत के बीच रहती है। यह अंतर बताता है कि शिक्षा की गुणवत्ता और संसाधनों में गहरी असमानता मौजूद है।

### रटंत व्यवस्था : ज्ञान नहीं, याददाश्त की परीक्षा

बोर्ड परीक्षाएं आज भी ज्ञान के बजाय याद करने की क्षमता को मापती हैं।

पूरे साल की पढ़ाई को छात्र तीन घंटे की परीक्षा में समेटने को मजबूर होता है, जहां—

- रचनात्मक सोच का कोई मूल्य नहीं
- व्यावहारिक ज्ञान की कोई जगह नहीं
- समस्या समाधान और आलोचनात्मक चिंतन की कोई परीक्षा नहीं

National Education Policy 2020 ने इस कमजोरी को स्पष्ट रूप से स्वीकार किया है और सतत मूल्यांकन, बहुविकल्पीय क्षमताओं और कौशल-आधारित शिक्षा की वकालत की है। लेकिन ज़मीनी सच्चाई यह है कि बदलाव कागज़ों से आगे नहीं बढ़ पा रहा।

### राज्य बोर्ड बनाम राष्ट्रीय बोर्ड- असमानता की तस्वीर

**राज्य बोर्डों में अधिक विफलता के पीछे कई कारण हैं:**

- शिक्षकों की अपर्याप्त ट्रेनिंग
- प्रयोगशालाओं और लाइब्रेरी का अभाव
- डिजिटल संसाधनों की कमी
- ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का न होना

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में विफलता दर सबसे अधिक है। यह केवल शैक्षिक नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक असमानता का भी संकेत है।

### मानसिक स्वास्थ्य पर घातक असर

इस परीक्षा-प्रधान व्यवस्था का सबसे भयावह परिणाम छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है।

**अत्यधिक दबाव, असफलता का डर और सामाजिक अपेक्षाएं—**

- तनाव
- चिंता
- अवसाद

को जन्म देती हैं। कई मामलों में यह स्थिति आत्महत्या जैसी त्रासद घटनाओं तक पहुंच जाती है। विफलता को छात्र अपनी व्यक्तिगत हार मान लेते हैं, जबकि सच्चाई यह है कि व्यवस्था ने उन्हें जीवन और रोजगार के लिए जरूरी कौशल सिखाए ही नहीं।

### ड्रॉपआउट और बेरोजगारी : असफलता की अगली कड़ी

बोर्ड में असफल छात्र अक्सर पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं।

**आंकड़े बताते हैं कि :**

- लड़कियां सरकारी स्कूलों में अधिक परीक्षा देती हैं
- लेकिन लड़कों की ड्रॉपआउट दर अधिक है

यह स्थिति लैंगिक और आर्थिक असमानता को और गहरा करती है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा 2026 से फेल छात्रों को ट्रैक कर उन्हें National Institute of Open Schooling से जोड़ने की योजना एक सकारात्मक कदम है, लेकिन यह बीमारी का इलाज नहीं, सिर्फ लक्षणों पर मरहम है।

### एक ही पैमाना, विविध क्षमताओं का अपमान

हर छात्र एक जैसा नहीं होता।
कोई खेल में उत्कृष्ट होता है,
कोई कला में,
तो कोई तकनीक या व्यावसायिक कौशल में।
लेकिन बोर्ड परीक्षा प्रणाली सबको एक ही तराजू पर तौलती है।

**NEP 2020 ने—**

- दो बार बोर्ड परीक्षा
- व्यावसायिक शिक्षा
- कौशल-आधारित मूल्यांकन

जैसे सुधार सुझाए हैं, पर कार्यान्वयन की धीमी गति पूरी व्यवस्था को जकड़े हुए है।

### निष्कर्ष : बदलाव अब नहीं तो कभी नहीं

बोर्ड परीक्षाओं में विफलता दरअसल इस बात का प्रमाण है कि हमारी शिक्षा व्यवस्था जीवन की वास्तविक चुनौतियों के लिए छात्रों को तैयार नहीं कर पा रही।

हमें परीक्षा को डर का प्रतीक नहीं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया बनाना होगा।


**जब तक—**

- रटंत से रचनात्मकता की ओर
- अंक से कौशल की ओर
- असफलता से सीखने की ओर

हम कदम नहीं बढ़ाएंगे, तब तक हर साल लाखों युवा इस व्यवस्था की बलि चढ़ते रहेंगे।

बदलाव की जरूरत है — अभी।

क्योंकि शिक्षा का भविष्य, दरअसल देश का भविष्य है।



# बांग्लादेश: सत्ता-संघर्ष, कट्टरपंथ और लोकतंत्र की अनिश्चित राह

-ललित गर्ग-



बांग्लादेश एक बार फिर इतिहास के ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहाँ लोकतंत्र, सत्ता और कट्टरपंथ के बीच की रेखाएँ धुंधली होती जा रही हैं। 17 वर्षों के स्वनिर्वासन के बाद बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के पुत्र और बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान की स्वदेश वापसी केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि उस अस्थिरता का प्रतीक है, जो शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद देश की राजनीति में लगातार गहराती चली गई है। यह वापसी ऐसे समय में हुई है जब अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस स्वयं कई मोर्चों पर घिरते नजर आ रहे हैं और जिन ताकतों को उन्होंने व्यवस्था परिवर्तन की उम्मीद में अप्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष रूप से स्थान दिया, वही आज शांति, सौहार्द और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के पतन के बाद जिस छात्र आंदोलन को 'जुलाई क्रांति' के रूप में प्रस्तुत किया गया था, उससे देश में यह उम्मीद जगी थी कि एक नई, पारदर्शी और समावेशी व्यवस्था की नींव रखी जाएगी। इसी उम्मीद के साथ छात्र नेताओं और नागरिक समाज के एक बड़े वर्ग ने मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार की कमान सौंपी। लेकिन कुछ ही महीनों में यह भ्रम टूटने लगा कि यह संघर्ष व्यवस्था परिवर्तन का है। चुनाव को लेकर बढ़ती खींचतान, स्पष्ट रोडमैप का अभाव और सत्ता के इर्द-गिर्द सिमटती निर्णय प्रक्रिया ने यह संकेत दे दिया कि अब लड़ाई लोकतंत्र को मजबूत करने की नहीं, बल्कि सत्ता पर कब्जे की है।

इस संदर्भ में कट्टरपंथी विचारधारा से जुड़े युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या ने स्थिति को और विस्फोटक बना दिया है। हादी जुलाई आंदोलन से उभरे उन चेहरों में थे, जिनका प्रभाव तेजी से बढ़ रहा था। उनकी हत्या के बाद उनके भाई द्वारा लगाए गए आरोप कि यह हत्या अंतरिम सरकार से जुड़े तत्वों की साजिश है ताकि चुनाव टाले जा सकें, मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार की नैतिकता और निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाते हैं। यदि यह आरोप सही हैं, तो इसका अर्थ यह होगा कि सत्ता में शामिल कुछ शक्तियां जानबूझकर देश को अस्थिरता एवं घोर अशांति की ओर धकेल रही हैं, ताकि चुनावी प्रक्रिया को अपने अनुकूल मोड़ा जा सके। कट्टरपंथी संगठनों की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में सबसे चिंताजनक है। जमात-ए-इस्लामी जैसी ताकतों का अंतरिम सरकार पर बढ़ता दबाव, सड़कों पर बढ़ती हिंसा और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं यह दर्शाती हैं कि कानून-व्यवस्था तेजी से कमजोर हुई है। विडंबना यह है कि जिन कट्टरपंथी तत्वों को शेख हसीना सरकार के विरोध में 'लोकतांत्रिक सहयोगी' के रूप में देखा गया, वही आज बांग्लादेश की सामाजिक संरचना को भीतर से खोखला कर रहे हैं। यह वही ऐतिहासिक भूल है, जो दक्षिण एशिया के कई देशों में पहले भी की जा चुकी है-जहां अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए कट्टरपंथ को जगह दी गई और परिणाम दीर्घकालिक अस्थिरता के रूप में सामने आया।

तारिक रहमान की वापसी को इसी पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए। ब्रिटेन में 17 वर्षों से अधिक समय बिताने के बाद उनका लौटना केवल व्यक्तिगत निर्वासन की समाप्ति नहीं है, बल्कि बांग्लादेश की राजनीति में एक नए शक्ति-संतुलन का संकेत है। यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जा सकता कि जिन मुकदमों के कारण वे देश से बाहर थे, उनमें अंतरिम सरकार के दौरान राहत मिली और उनकी वापसी का रास्ता साफ हुआ। जिस दिन तारिक रहमान ढाका लौटे, उसी दिन यह संकेत भी सामने आया कि शेख हसीना की अवामी लीग को आगामी चुनावों से बाहर रखा जा सकता है। यह संयोग कम और रणनीति अधिक प्रतीत होता है। बीएनपी इस समय चुनावी गणित के लिहाज से सबसे मजबूत स्थिति में है और तारिक रहमान को देश का अगला प्रधानमंत्री माने जाने की चर्चा तेज है। लेकिन बड़ा प्रश्न यह है कि क्या अवामी लीग के बिना होने वाला चुनाव बांग्लादेश की जनता की वास्तविक इच्छा को प्रतिबिंबित कर पाएगा? लोकतंत्र केवल सत्ता परिवर्तन का नाम नहीं, बल्कि सभी प्रमुख राजनीतिक धाराओं को समान अवसर देने की प्रक्रिया है। यदि किसी एक बड़े दल को सुनियोजित ढंग से बाहर रखा जाता है, तो चुनाव की वैधता पर संदेह स्वाभाविक है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मोहम्मद यूनुस की सरकार पर दबाव बढ़ रहा है। अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमले और कानून-व्यवस्था की बदहाली को लेकर मानवाधिकार संगठनों की चिंताएं लगातार सामने आ रही हैं। इसके बावजूद यह आश्चर्यजनक है कि भारत जैसे पड़ोसी देश से, जहाँ बांग्लादेश के घटनाक्रम का सीधा प्रभाव पड़ता है, अपेक्षित स्तर की कूटनीतिक और नैतिक प्रतिक्रिया देखने को नहीं मिली। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा खालिदा जिया के स्वास्थ्य पर चिंता जताते हुए भारत की ओर से सहयोग की पेशकश करना एक सकारात्मक संकेत है, और बीएनपी द्वारा उसका स्वीकार किया जाना दोनों देशों के बीच नए समीकरणों की ओर इशारा करता है। लेकिन यह भी सच है कि यह निकटता स्वार्थों की राजनीति से पूरी तरह मुक्त नहीं है।

बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर लगातार हो रहे हमले अब केवल आंतरिक कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं रह गए हैं, बल्कि यह भारत की सुरक्षा, कूटनीतिक जिम्मेदारी और नैतिक सरोकार से सीधे जुड़ा गंभीर विषय बन चुका है। हाल ही में अमृत मंडल नामक एक हिंदू नागरिक की पीट-पीटकर हत्या की घटना इस बात का प्रमाण है कि अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने की प्रवृत्ति थमने के बजाय और अधिक निर्भीक होती जा रही है। धार्मिक पहचान के आधार पर हिंसा, मंदिरों पर हमले, जबरन पलायन और भय का वातावरण बांग्लादेश की लोकतांत्रिक साख को गहरा आघात पहुँचा रहे हैं। भारत सरकार के लिए अब यह अनदेखा करने का विषय नहीं रह गया है; आवश्यकता है कि वह कूटनीतिक स्तर पर सख्त संदेश दे, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस मुद्दे को उठाए और यह स्पष्ट करे कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की अनिवार्य शर्त है।


आगामी चुनावों के संदर्भ में इस तरह की सांप्रदायिक हिंसा को एक केंद्रीय मुद्दा बनाया जाना चाहिए, क्योंकि भय और असुरक्षा के वातावरण में निष्पक्ष चुनाव की कल्पना ही बेमानी है। बांग्लादेश में यदि वास्तव में लोकतंत्र की बहाली का दावा किया जा रहा है, तो वहां ऐसी सरकार का गठन आवश्यक है जो अल्पसंख्यकों के अधिकारों और सम्मान की गारंटी दे सके। हिंदुओं सहित सभी धार्मिक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित किए बिना न तो राजनीतिक स्थिरता संभव है और न ही क्षेत्रीय शांति। भारत की भूमिका इस संदर्भ में केवल पड़ोसी देश की नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार क्षेत्रीय शक्ति की है, जिसे मानवाधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण के लिए आवश्यक कठोर कदम उठाने से पीछे नहीं हटना होगा।

बांग्लादेश आज जिस मुसीबत के भंवर में फँसा है, उसके पीछे आंतरिक कारकों के साथ-साथ बाहरी प्रभावों की भूमिका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान की ऐतिहासिक भूमिका और कट्टरपंथी नेटवर्कों के साथ उसके संबंधों को देखते हुए यह आशंका निराधार नहीं कि बांग्लादेश की अस्थिरता में परोक्ष योगदान बाहरी शक्तियों का भी हो सकता है। ऐसे में मोहम्मद यूनुस की यह जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे अंतरिम सरकार को निष्पक्ष, पारदर्शी और लोकतांत्रिक दिशा में ले जाएँ। लेकिन अब तक के घटनाक्रम यह संकेत देते हैं कि वे हालात को संभालने में पूरी तरह सफल नहीं हो पाए हैं। फिर भी, इस निराशाजनक परिदृश्य के बीच तारिक रहमान के बयानों और राजनीतिक स्वरों में कुछ लोग समाधान की झलक देखते हैं। यह उम्मीद इस विश्वास पर टिकी है कि बीएनपी, चाहे उसका अतीत विवादास्पद रहा हो, सत्ता में आकर कट्टरपंथी दबावों को संतुलित कर सकेगी और लोकतांत्रिक संस्थाओं को पुनर्स्थापित करने का प्रयास करेगी। किंतु यह भी एक कड़वा सत्य है कि कट्टरपंथी ताकतों से लोकतंत्र बहाल होने की उम्मीद अपने आप में एक विरोधाभास है।

अंततः बांग्लादेश के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यही है-क्या वह एक समावेशी, बहुदलीय और संवैधानिक लोकतंत्र की राह चुनेगा या फिर सत्ता-संघर्ष और कट्टरपंथ की दलदल में और गहराता जाएगा? इसका उत्तर केवल किसी एक नेता या दल के हाथ में नहीं, बल्कि उस राजनीतिक विवेक में है, जो आने वाले महीनों में देश की दिशा तय करेगा। यदि निष्पक्ष चुनाव, कानून का राज और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई, तो तारिक रहमान की वापसी भी इतिहास में एक और चूके हुए अवसर के रूप में दर्ज हो सकती है।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली -3752




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 3751 का हल



## हंसी के फूव्वारें

रामू के घर से चिट्ठी आयी.

राजी-खुशी के समाचार के बाद लिखा था कि उसकी घरवाली ने लड़के को जन्म दिया है. इसी खुशी में रामू ने सबको मिठाई बांटी. फिर अगले दिन जब वह सामान बांधने लगा तो उसके मित्र ने पूछा- ''रामू घर जा रहे हो ?''

''हां !''

फिर उदास होता हुआ बोला-''दो वर्ष हो गये घर की शक्ल देखे ! अब सोचा कि कुछ दिन के लिए हो ही आऊं.''

□ □ □

टेलीफोन रखकर डाक्टर ने झपटकर अपना थैला उठाया और हड़बड़ाकर बाहर जाने लगा. डाक्टर की जवान बेटी अन्दर आ रही थी. उसने पिता को हड़बड़ी में देखकर पूछा-''इतनी जल्दी आप कहां जा रहे हैं, पिताजी ?''

''एक टेलीफोन आया था !'' डाक्टर बोला -''इमरजेंसी कॉल है शायद ! एक आदमी कह रहा था-'मैं मरा जा रहा हूं, आप यहां फौरन आ जाएँ'.''

इस पर डाक्टर की बेटी ने शरमाकर कहा-''तब वह आपका नहीं, मेरा टेलीफोन रहा होगा, पिताजी !''

□ □ □

जज -'मुजरिम, तुमने झूठ बोलने की कोशिश की है.'

मुजरिम -'माई-बाप, वकील के होते मुझे क्या जरूरत पड़ी है.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3752



**बायें से दायें:-**

१. 'इश्क कभी करियो' गीत वाली फिल्म-४
४. 'किस कारण नैया डोली' गीतवाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
७. मिथुन, रंभा, वैष्णवी की 'कारी कजरारी कंवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं एक प्यासी' गीत वाली सनी, संजय, धर्मेन्द्र, रवीना, दिव्या की फिल्म-३
११. विनोद खन्ना, शबाना आजमी की अरूणा विकास निर्देशित फिल्म-२
१२. 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली दिनो मोरिया, बिपाशा की फिल्म-३
१४. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली अर्जुन रामपाल, जायेद, अमीषा की फिल्म-२
१९. सलमान खान, शिल्पा की 'फरियाद क्या करें हम' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'प्यार काहे बनाया' गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२
२१. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक कौन-२
२२. जैकी श्रॉफ, मनीषा कोइराला की 'एक बात बताऊं' गीतवाली फिल्म-३
२४. लक्की अली, गौरी की एक फिल्म-२
२५. फिल्म 'बड़े दिलवाला' में प्रिया गिल के साथ नायक-३
२६. संजयकपूर, माधुरी की 'तूने अगर प्यार से देखा' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जूली' में प्रियांशु की नायिका-२
२९. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'मेरे चेहरे पे लिखा है' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
३२. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
३५. 'राज की बात कह दूं तो' गीत वाली नवीननिश्चल, प्राण, रेखा की फिल्म-२
३६. मिथुन, मधु की तू चीज बड़ी है सख्त सख्त' गीत वाली फिल्म-५

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजीवकुमार, विद्या सिन्हा की फिल्म-२
२. 'एक मैं हूं एक तू है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
४. सनी, शाहरूख खान, जूही चावला फिल्म-२
५. 'तन्हा तन्हा दिल अपना' गीत वाली फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुम से' गीत वाली फिल्म-३
८. 'चूड़े वाली छमिया मिला' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-३
१०. फिल्म 'विश्वनाथ' में नायिका कौन थी ?-२
१२. मनोजकुमार, नंदा की 'जाने चमन शोला बदन' गीत वाली फिल्म-४
१३. इमरान, शाहबाज, तब्बू की फिल्म-२
१५. परीक्षित साहनी, नूतन की 'एक छोरा है गोरा' गीत वाली फिल्म-३
१६. आफताब, लिसा रे की फिल्म-३
१८. 'बिन साजन झूला झूलू' गीत वाली फिल्म-३
२३. राजेंद्रकुमार, धर्मेन्द्र, मालासिन्हा की 'बोल मेरे साथिया' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
२५. अक्षय, अजय, करिश्मा, नगमा की 'तेरे लिए जानम' गीत वाली फिल्म-३
२७. अक्षय कुमार, करीना, प्रियंका की फिल्म-४
३१. 'कहाँ गये ममता भरेदिन' गीतवाली फिल्म-२
३३. 'बाबूजी जरा धीरे चलो' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया की फिल्म-२
३४. अमिताभ, ओमपुरी, फरदीन, करीना की 'जब नही' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3751



## सूडोकु -3752



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3751 का हल



## शब्द पहेली -3752



**बाएँ से दाएँ**

1.सफल,उत्तीर्ण-4
5.ओस,रजनीजल-4
7.फरार होना,चंपत होना, पलायन करना-5
9.महीना,मास-2
10.साल का बारहवां भाग-2
13.पुचकारना-4
15.विष्णु,चक्रधारी-4
17.निरुत्तर होना-5
18.अपनत्व-5
20.असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23.निकृष्ट,अल्पतर-4
26.अंधकार-2
27.बुरा आदत-2
29.रसायन संबंधी-5
31.ब्राम्हण,सम्राट-4
32.गजानन,गणपति-4

**ऊपर से नीचे**

2.मां,आई,मदर-2
3.बारिश का गिरना-4
4.निर्माता,रचयिता-5
5.लज्जाना -4
6.मुलायम-2
8.उम्मीद-2
9.हार,जयमाल-2
11.हरे रंग का-2
12.वचन,प्रतिज्ञा -2
14.हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16.जनेऊ,उपनयन संस्कार-5
19.विलेन,नायक का विलोम-5
20.बादल-2
21.बुरी आदत-2
22.यम,मृत्यु का देवता-4
23.पानी के बहने की आवाज-2,2
24.वोट,अभिमत-2
28.इस जगह-2
30.कारावास,बंधन-2

शब्द पहेली - 3751 का हल



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
शनिवार 27 दिसंबर 2025
Www.vishalindia.in

# हाइब्रिड मॉडल पर हो सकता है न्यू नोएडा में अधिग्रहण

## लखनऊ में किया था प्रजेंटेशन, तीन नायाब तहसीलदार की होगी नियुक्ति

**नोएडा।** न्यू नोएडा के लिए 80 गांवों को जमीन का अधिग्रहण हाइब्रिड मोड में किया जा सकता है। शासन स्तर पर इसका अंतिम फैसला लिया जाएगा। इससे पहले यहां तीन नायाब तहसीलदारों को नियुक्त किया जा रहा है। प्राधिकरण की ओर से तीन नामों को सुझाया गया था जिसे शासन ने अप्रूवल दे दिया है। जल्द न्यू नोएडा के लिए एक अस्थाई ऑफिस बना दिया जाएगा।

न्यू नोएडा 209.11 वर्गकिमी में बसाया जाना है। इसके लिए अक्टूबर 2024 में अधिसूचना जारी की गई थी। प्राधिकरण ने बताया न्यू नोएडा में जमीन अधिग्रहण कैसे किया जाएगा इसका एक प्रजेंटेशन लखनऊ में किया गया था।

जिसमें हाइब्रिड मॉडल के बारे में जानकारी दी गई थी। इस मॉडल में आपसी सहमति और लैंड पूल दोनों को बताया गया। इन दोनों के जरिए ही अधिग्रहण किया सकता है।




### गांवों के प्रधानों से की जाएगी बातचीत

सामरिक क्षमता से न्यू नोएडा बेहद महत्वपूर्ण है। ईस्टर्न पेरिफेरल्स एक्सप्रेस के साथ जहां जीटी रोड अलग होती है। सबसे पहले वहां से लगे गांव की जमीन का अधिग्रहण शुरू किया जा सकता है । इस गांव में जोखाबाद, सांवली भी आता है। इन गांवों के प्रधान से बातचीत की जाएगी। जोखाबाद और ग्राम सांवली में ही डीएनजीआईआर (न्यू नोएडा) का अस्थाई कार्यालय बनाया जा सकता है।

### चार फेज में बसेगा शहर

न्यू नोएडा 209.11 वर्गकिमी में यानी 20 हजार 911.29 हेक्टेयर में बसाया जाएगा।

इस मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा। 2023-27 तक इसके 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विकसित किया जाएगा। इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने का प्लान है।

# ग्रेटर नोएडा से 24 साल की युवती लापता

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के इकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र के लुक्सर गांव से एक 24 वर्षीय महिला छह दिनों से लापता है। महिला के पति नरेश ने शनिवार को इकोटेक-1 कोतवाली में अपनी पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस से जल्द तलाश करने का अनुरोध किया है। नरेश ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी दनकौर क्षेत्र के बिलासपुर कस्बे की मूल निवासी है। करीब छह दिन पहले वह बिलासपुर जाने की बात कहकर घर से निकली थी। हालांकि, वह बिलासपुर नहीं पहुंची और तब से उसका कोई संपर्क नहीं हो पाया है। परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों सहित सभी संभावित स्थानों पर महिला की तलाश की, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पत्नी के अचानक लापता होने से परिवार चिंतित है। नरेश के अनुसार, उन्होंने अपनी ओर से हर संभव प्रयास किया, लेकिन महिला के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। इसके बाद उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। पति की शिकायत के आधार पर इकोटेक-1 कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस महिला के मोबाइल कॉल डिटेल, आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही है।

# नोएडा में थार ने पांच गाड़ियों में मारी टक्कर

## गर्लफ्रेंड से मिलने के लिए किराए पर ली कार, परिजनों को देखकर भगाने पर हुआ एक्सीडेंट

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-24 थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम नाबालिग स्टूडेंट्स ने किराए की थार से पांच गाड़ियों में टक्कर मार दी। उनकी चपेट में आए तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने स्टूडेंट्स को अभिरक्षा में लेकर घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराया है।

स्टूडेंट्स के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक, दिल्ली के कोंडली निवासी एक स्टूडेंट्स बुधवार दोपहर से लापता था। उसके पिता घरों में इंटीरियर का काम करते हैं। बुधवार से परिजन उसे खोज रहे थे।

### युवती से मिलने के लिए थार किराए पर ली

गुरुवार दोपहर उसने किराए पर यूपी नंबर की एक थार गाड़ी तीन से चार हजार रुपए में किराए पर ली। उसने एक दोस्त से संपर्क किया। दोस्त को थार में बैठाकर वह नोएडा के सेक्टर-22 में आ गया। यहां एक युवती से मिलने पहुंच गया। दोनों आपस में बातचीत कर रहे थे। इस दौरान परिजनों ने उसे देख लिया।

### परिजन को देखते ही भगाई थार

शाम के समय ईएसआईसी अस्पताल के निकट जब वह युवती से मिल रहे थे, तो स्टूडेंट्स को उसके परिजन दिखाई दिए। यह देख वह घबरा गया और दोस्त को थार में बैठाकर भागने लगा। गाड़ी का पीछे करते समय दो गाड़ियों में टक्कर मार दी। इसके बाद एडोब चौराहे के निकट एक ई-स्कूटी में टक्कर मारते हुए अंडरपास की ओर जाने लगे।

### अंडरपास के पार मारी टक्कर

अंडरपास पार करते ही बुलेट बाइक और एक अन्य बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में स्कूटी और बाइक सवार लोग घायल हो गए। इनमें से दो लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें एक फरीदाबाद निवासी राणा सिंह और दूसरा फेज-दो क्षेत्र का रहने वाला है। तीसरा युवक प्राथमिक उपचार के बाद घर चला गया।

अंडरपास के पार करने के बाद लोगों ने कार को रोक लिया और पुलिस को बुला लिया।

# ग्रेटर नोएडा में ढाबे पर शराब को लेकर मारपीट

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र में गैलेरिया मार्केट स्थित एक ढाबे पर शुक्रवार रात शराब पीने को लेकर मारपीट हुई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना तब हुई जब अलीगढ़ के टप्पल थाना क्षेत्र के गांव वेना निवासी कपिल तालान और भुवनेश ढाबे पर खाना खाने पहुंचे थे। उन्होंने खाने की मेज पर शराब का क्वाटर रख दिया। ढाबे के एक कर्मचारी ने नियमों का हवाला देते हुए उन्हें शराब पीने से मना किया।

आरोप है कि इसके बाद कपिल और भुवनेश ने कर्मचारी को थप्पड़ मार दिया। मौके पर मौजूद अन्य लोग इकट्ठा हो गए। ढाबे पर मौजूद अंकित (निवासी गांव पाली, थाना सूरजपुर), राज (निवासी गांव बलुआकोट, पिथौरागढ़, उत्तराखंड) और गौरव (निवासी गांव रामपुर) ने कथित तौर पर कपिल और भुवनेश के साथ मारपीट की।

इस मारपीट का वीडियो किसी व्यक्ति ने बना लिया और वह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मारपीट करने वाले अंकित और राज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है। इस मामले में शांति व्यवस्था भंग करने और मारपीट से संबंधित धाराओं में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# नोएडा में वेरिफिकेशन के नाम पर 23.50 लाख की ठगी

## एनपीसीएल का अधिकारी बनकर की बात, बिजली कनेक्शन काटने की दी धमकी

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में रहने वाले एक 59 साल के बुजुर्ग के साथ साइबर ठगों ने बिजली मीटर वेरिफिकेशन के नाम पर 23.50 लाख रुपए की ठगी कर ली। ठगों ने पहले पीड़ित से 13 रुपए का ऑनलाइन पेमेंट कराने की कोशिश की और फिर मोबाइल हैक कर बैंक खातों से लाखों रुपए उड़ा लिए। इसके बाद उन्होंने अपनी पत्नी के खाते से रकम ट्रांसफर करने का प्रयास किया लेकिन वह भी सफल नहीं हुआ।

उसी दिन शाम को उनके ईमेल पर लगातार ट्रांजैक्शन के मैसेज आने लगे। जांच करने पर पता चला कि उनका और उनकी पत्नी का मोबाइल फोन हैक हो चुका है। ठगों ने पीड़ित के बैंक अकाउंट से 19 लाख 50 हजार रुपए और पत्नी की खाते से 4 लाख रुपए निकाल लिए। मामले में साइबर थाने की पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### कनेक्शन काटने की धमकी

पुलिस को ग्रेटर नोएडा बीआरओ हाउसिंग सोसायटी पॉकेट-4 में रहने वाले राकेश कुमार सिंह ने बताया कि वह एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। पिछले महीने 19 नवंबर को उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आया। कॉलर ने खुद को एनपीसीएल से जुड़ा कर्मचारी बताते हुए बिजली मीटर के वेरिफिकेशन के नाम पर 13 रुपए का ऑनलाइन भुगतान करने को कहा और नहीं देने पर कनेक्शन काटने की धमकी दी।

### लिंक भेजकर मोबाइल किया हैक

पीड़ित के मोबाइल पर ठग ने एक लिंक भेजा। बातों में आकर उन्होंने लिंक पर क्लिक कर पेमेंट करने की कोशिश की, लेकिन रकम ट्रांसफर नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने अपनी पत्नी विमलेश सिंह के बैंक अकाउंट से रुपए भेजने का प्रयास करने लगे। तभी ठगों ने दंपति का मोबाइल हैक कर लिया और दोनों के बैंक अकाउंट की जानकारी हासिल कर ली।

### साइबर सेल कर रहा मामले की जांच

उसी दिन पीड़ितों के मोबाइल पर बैंक की तरफ से ईमेल पर लगातार ट्रांजैक्शन के मैसेज आने लगे। पीड़ित के अनुसार उनके एसबीआई बैंक खाते से कुल 19.50 लाख रुपए और पत्नी के एचडीएफसी बैंक खाते से दो बार में 4 लाख रुपए निकाल लिए गए। इस तरह कुल ठगी की रकम 23 लाख 50 हजार रुपए तक पहुंच गई।

घटना के तुरंत बाद उन्होंने साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी।

साथ ही पीड़ित ने संबंधित बैंकों को शिकायत दी है। अब मामले में साइबर थाने की पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नोएडा जिला अस्पताल पहुंची विशेष सचिव स्वास्थ्य

## रजिस्ट्रेशन काउंटर बढ़ाने के निर्देश, मरीजों के लिए तैनात किए जाए वॉलंटियर

**नोएडा।** जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परखने के लिए विशेष सचिव स्वास्थ्य आर्यिका अखौरी ने शुक्रवार को जिला अस्पताल का अचानक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में मौजूद विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और मरीजों व उनके तीमारदारों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने विशेष सचिव को अपनी शिकायतें भी दर्ज कराईं। निरीक्षण के क्रम में विशेष सचिव ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन काउंटर, ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन काउंटर, मेडिकल स्टोर रूम समेत अन्य महत्वपूर्ण विभागों का निरीक्षण किया।

इस दौरान सबसे प्रमुख शिकायत रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में हो रही देरी को लेकर सामने आई। मरीजों ने बताया कि सुबह से ही लंबी कतारें लग जाती हैं और रजिस्ट्रेशन में काफी समय लगने के कारण उन्हें डॉक्टर को दिखाने में परेशानी होती है।



### 3 से 4 हजार मरीज आते है रोजाना

जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना लगभग 3 से 4 हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें से करीब 88 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन माध्यम से हो रहे हैं। इसके बावजूद ग्राउंड लेवल पर व्यवस्थाओं में कमी के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए विशेष सचिव आर्यिका अखौरी ने रजिस्ट्रेशन काउंटरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को लंबा इंतजार न करना पड़े।

### स्कैन एवं शेयर काउंटर बढ़ाए जाए

इसके साथ ही उन्होंने स्कैन एवं शेयर काउंटरों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए, जिससे डिजिटल प्रक्रिया को और सुचारु बनाया जा सके। विशेष सचिव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल और पारदर्शी बनाना है, लेकिन इसका लाभ तभी मिलेगा जब मरीजों को मौके पर उचित मार्गदर्शन और सहायता मिले।

### वॉलंटियर तैनात किए जाए

निरीक्षण के दौरान विशेष सचिव ने अस्पताल प्रशासन को यह भी निर्देश दिए कि पब्लिक की मदद और सहयोग के लिए वॉलंटियर तैनात किए जाएं।

ये वॉलंटियर मरीजों को रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, ओपीडी कक्ष, जांच काउंटर और दवाइयों की जानकारी देने में मदद करेंगे, जिससे भीड़ और अव्यवस्था पर नियंत्रण पाया जा सके। विशेष सचिव आर्यिका अखौरी ने स्पष्ट कहा कि मरीजों की सुविधा सर्वोपरि है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# नोएडा में गर्भपात की दवा खिलाने से युवती की मौत

नोएडा। शहर में रिश्ते को शर्मसार करने वाला सामने आया है। आरोप है कि एक युवक ने अपने सगे ताऊ की छोटी बेटी के साथ शारीरिक संबंध बनाया। गर्भवती होने पर उसने युवती को गर्भपात की दवा खिला दी। तबीयत बिगड़ने पर युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। सेक्टर-39 थाने में दी शिकायत में उन्नाव निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि वह 2022 से सलारपुर स्थित अपनी मां के मकान में परिवार के साथ रह रहा है। शिकायतकर्ता के भाई का परिवार भी उसी मकान में रहता है। कुछ समय पहले शिकायतकर्ता के छोटे भाई के छोटे बेटे अरविंद के उसकी 18 साल की बेटी से शारीरिक संबंध बन गए। इससे शिकायतकर्ता की बेटी गर्भवती हो गई। आरोपी युवक अरविंद ने गर्भपात वाली दवा युवती को खिला दी। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। 18 दिसंबर को युवती को नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने के चलते युवती को इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। 23 दिसंबर को युवती की मौत हो गई।

### बढ़ाई जा सकती है धाराएं

एसीपी प्रवीण सिंह ने बताया कि युवती की मौत के बाद परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है। युवती का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। वहीं पुलिस अधिकारियों का दावा है कि युवती की मौत खून की कमी होने से हुई है। जांच के बाद आगामी दिनों में मामले में पॉक्सो समेत अन्य धाराएं बढ़ाई भी जा सकती हैं।

# ट्रैक्टर की टक्कर से चाचा-भतीजे घायल

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में यमुना नदी के बांध पर एक ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो पशु व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में चाचा-भतीजा बाइक समेत बांध से नीचे गिर गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह घटना शुक्रवार दोपहर को हुई। बिलासपुर कस्बे के निवासी पशु व्यापारी बल्ले और उनके भतीजे सोनू पशु खरीदने के लिए क्षेत्र के लतीफपुर गांव गए थे। वहां से वे दनकौर की तरफ लौट रहे थे।

जब उनकी बाइक बांध के चौराहे पर पहुंची, तो सामने से तेज गति से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। पीड़ितों ने अपनी बाइक को सड़क किनारे करने की कोशिश की थी, लेकिन आरोप है कि ट्रैक्टर चालक ने फिर भी उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर के बाद दोनों चाचा-भतीजा बाइक समेत बांध पर लुढ़कते हुए नीचे गिर गए। इस दौरान बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों को गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को दनकौर कोतवाली ले गए, जहां से उन्हें अस्पताल भेजा गया।


पुलिस ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच की जाएगी और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रेटर नोएडा से 3 महीने से 11वीं का छात्र लापता

## सीआरपीएफ जवान पिता ने सीएम योगी से लगाई मदद की गुहार

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के दादरी कोतवाली क्षेत्र से 11वीं का एक छात्र पिछले तीन महीने से लापता है। छात्र के परीक्षा में कम अंक आने और पिता की डांट से आहत होकर घर से चले जाने की बात सामने आई है। तीन महीने बाद भी बेटे का सुराग न मिलने पर सीआरपीएफ में तैनात उसके पिता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मदद की गुहार लगाई है और सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल किया है।

लापता छात्र अनिकेत (15) के पिता मनोज बिधूड़ी सीआरपीएफ में तैनात हैं। उन्होंने एक वीडियो जारी कर अपनी पीड़ा व्यक्त की और मुख्यमंत्री से मदद मांगी। मनोज बिधूड़ी ने बताया कि अनिकेत 30 सितंबर को कोचिंग जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटा। शुरुआती तलाश के बाद 1 अक्टूबर को दादरी थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। पिता ने वीडियो में पुलिस पर भी आरोप लगाने का जिक्र करते हुए कहा कि बेटे के बिना उनका जीवन व्यर्थ हो गया है।



दादरी कोतवाली प्रभारी ने बताया कि छात्र के पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

उन्होंने पुष्टि की कि परीक्षा परिणाम में कम अंक आने के बाद छात्र तनाव में था और डांट पड़ने के बाद घर से चला गया था। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज होते ही गुमशुदा छात्र की तलाश के लिए तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी गई थी।

छात्र की तलाश के लिए सर्विलांस टीम और स्थानीय पुलिस की विशेष टीमें गठित की गई हैं। पुलिस अनिकेत के मोबाइल फोन, संभावित रास्तों और उसके संपर्कों की गहन जांच कर रही है।

उसकी खोज में गुरुग्राम, हरियाणा के साथ-साथ राजस्थान और उत्तराखंड के कई स्थानों पर पुलिस टीमें भेजी गई हैं। विभिन्न राज्यों में लगातार संपर्क कर संभावित ठिकानों की जांच जारी है।

# शार्ट न्यूज

## मंझावली पुल का भूमिपूजन हुआ

**गौतम बुद्ध नगर।** हरियाणा के मंझावली से ग्रेटर नोएडा को जोड़ने वाले बहुप्रतीक्षित पुल मार्ग का भूमि पूजन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। यह पुल हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच संपर्क, सहयोग और विकास को नई दिशा देगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के राज्यमंत्री राजेश नागर, जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह, गौतमबुद्धनगर लोकसभा सांसद डॉ. महेश शर्मा और राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र सिंह नागर सहित भाजपा गौतमबुद्धनगर के जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने हवन में आहुति दी। इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश के दर्जनों ग्रामों के सरपंच भी उपस्थित रहे। इस पुल मार्ग के निर्माण पर लगभग 66 करोड़ 50 लाख रुपए की धनराशि खर्च होगी। यह मार्ग भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी के नाम पर जाना जाएगा, जो राष्ट्र निर्माण के प्रति उनके दूरदर्शी योगदान को समर्पित रहेगा। पुल का निर्माण लगभग 9 महीने में पूरा होने की उम्मीद है। इसके बनने से हरियाणा और ग्रेटर नोएडा के बीच की दूरी काफी कम हो जाएगी, जिससे घंटों का सफर मिनटों में तय हो सकेगा। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मंझावली-ग्रेटर नोएडा पुल मार्ग के निर्माण का सपना कई दशक पहले उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय श्री एन.डी. तिवारी और केंद्रीय मंत्री रहे स्वर्गीय राजेश पायलट ने देखा था।

## नोएडा पुलिस ने पकड़े 4 बदमाश

**नोएडा।** थाना सेक्टर-58 पुलिस ने फोन स्नैचिंग व चोरी करने वाले गैंग के 04 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 22 मोबाइल फोन 02 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। इनके नाम शमीम, साजिद, सिकंदर और इनाम है। ये लोग दिल्ली, नोएडा, बुलंदशहर के अलावा अन्य शहरों में घटना को अंजाम दे रहे थे। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि ये लोग एक गैंग के रूप में कार्य करते है। सिकन्दर उर्फ मुखिया व ईनाम चोरी किए गए मोबाइल के पार्टस निकालकर उन्हें करोलबाग दिल्ली में बेच देते है। इससे मिलनेवाले पैसे आपस में बांट लेते है। ये मोबाइल फोन नोएडा, गाजियाबाद व दिल्ली से स्नैचिंग किए जाते है। इनकी लोकेशन मेट्रो, मॉल और अन्य भीड़ भाड़ वाले इलाके है। यही पर पहले रैकी करते है। इसके बाद घटना को अंजाम देते है। पूछताछ में बताया कि अगस्त महीने में मोटरसाइकिल नंबर -छरुस्थ्य7243 को उत्तमनगर दिल्ली से चोरी की थी। इसके अलावा मोटरसाइकिल नंबर- छरुस्4800 को इसी महीने अंबेडकर नगर साउथ दिल्ली से चोरी किया था। इन्हीं मोटरसाइकिलों से ये मोबाइल फोन स्नैचिंग किए थे। ये लोग बार बार लोकेशन चेंज करते है। जिससे पकड़े न जाए।

## चोरी के सामान के साथ इलेक्ट्रिशियन गिरफ्तार

**नोएडा।** विश्वास जमाने के बाद जलवायु विहार स्थित घर से सामान चोरी करने वाले इलेक्ट्रिशियन को सेक्टर-20 थाने की पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से लाखों रुपये का चोरी का सामान बरामद हुआ है। उसकी पहचान ग्रेटर नोएडा के काशीराम सोसाइटी निवासी अंशु सिंह के रूप में हुई है। 24 वर्षीय अंशु का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक आरोपी अंशु सिंह पेशे से इलेक्ट्रिशियन है। वह सेक्टर-25 स्थित जलवायु विहार में काम करता है। बीते दिनों उसने जलवायु विहार स्थित एक घर में चोरी की थी। पीड़ित के घर अंशु का पहले से आना जाना था। ऐसे में उसे पता था कि घर के अंदर कौन सा सामान कहां पर रखा हुआ है। काम करने के दौरान उसने घर की एक चाबी चुरा ली। पीड़ित परिवार जब कुछ दिन बाद काम से बाहर गया तभी अंशु से चोरी की वारदात कर डाली। चोरी के सामान को आरोपी ने अपने गैराज में छिपा दिया था। केस दर्ज होने के महज आठ घंटे के भीतर पुलिस ने आरोपी को सेक्टर-25 से दबोच लिया।

## मिलावट करने वाले से जुर्माना वसूली के आदेश

**ग्रेटर नोएडा।** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी मेधा रुपम ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक ली। बैठक में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश कुमार मिश्रा एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र द्विवेदी द्वारा हाल के दिनों में खाद्य सुरक्षा को लेकर की गई प्रवर्तन कार्रवाई से अवगत कराया। डीएम ने आदेश दिए कि त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए विशेष अभियान चलाकर खाद्य एवं पेय पदार्थों की सघन सैंपलिंग की जाए, ताकि मिलावट करने वालों को रोका जा सके। सभी खाद्य प्रतिष्ठानों, रेस्टोरेंट, ढाबों, स्कूलों, कॉलेजों एवं छात्रावासों की कैंटीनों का नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण किया जाए, ताकि आमजन को मानकों के अनुरूप स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री ही उपलब्ध हो सके। निर्देश दिए कि जिन प्रतिष्ठानों पर जुर्माना लगाए जाने की कार्रवाई की गई है, उनके विरुद्ध निर्धारित समय-सीमा के भीतर आरसी जारी करते हुए वसूली की कार्रवाई अनिवार्य रूप से समय से पूरी कर लें।

## ईवी चार्जर व सौर ऊर्जा के उपकरण तैयार होंगे

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना सिटी में ऑनबोर्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के चार्जर व सौर ऊर्जा से जुड़े उपकरण तैयार होंगे। इसके लिए यमुना विकास प्राधिकरण ने नीनजस इलेक्ट्रिक कंपनी को सेक्टर-8डी में 20 हजार वर्गमीटर भूमि देने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी किया है। यमुना प्राधिकरण के सीईओ आरके सिंह ने बताया कि मेक इन इंडिया और देश के इलेक्ट्रिक वाहन इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए कंपनी शहर में 169 करोड़ का निवेश करेगी। इस परियोजना के तहत शहर में ईवी चार्जर्स और सोलर पावर बैंक का निर्माण होगा, जिससे उच्च-क्षमता पावर इलेक्ट्रॉनिक्स की घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा मिलेगा। बताया गया कि सेक्टर-8डी नोएडा एयरपोर्ट के पास है। कंपनी दो व तीन पहिया वाहन और लाइट कमर्शियल व्हीकल्स के लिए उच्च आईपी-रेटेड ऑनबोर्ड चार्जर व अत्याधुनिक सोलर पावर बैंक के निर्माण व उत्पादन करेगी।

## ग्रेनो से फरीदाबाद तक राह आसान होगी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा को फरीदाबाद के मंझावली पुल से जोड़ने के लिए 4.99 किलोमीटर लंबी सड़क का काम शुरू हो गया है। शुक्रवार को जगनपुर गांव में हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर, गौतमबुद्ध नगर सांसद डॉ. महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर, जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह और भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने इसका शिलान्यास किया। यह सड़क एक वर्ष में पूरी होगी, जिसके बनने के बाद ग्रेटर नोएडा से फरीदाबाद तक राह आसान हो जाएगी। जानकारी के मुताबिक गौतमबुद्ध नगर की सीमा में मंझावली पुल तक 1.7 किलोमीटर की नई सड़क बनाई जानी है। साथ ही जिले के अंदर पांच किलोमीटर सड़क को चौड़ा कर इसे चार लेन का बनाने की योजना है। उत्तर प्रदेश शासन से सड़क निर्माण के लिए बजट मंजूरी हो चुका है। पीडब्ल्यूडी ने सड़क निर्माण के लिए महेंद्र एंड सिंह कंपनी का चयन किया है। कंपनी 35 करोड़ रुपये में सड़क का काम पूरा करेगी, इसके लिए एक वर्ष की समय सीमा निर्धारित की गई है।

## युवक को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत


**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में दुर्गा गोल चक्कर के समीप एक अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। युवक के पिता ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। मूलरूप से बिहार के औरंगाबाद जिले का रहने वाला 29 वर्षीय मुन्ना कुमार सूरजपुर कस्बे में किराए के मकान में रहता था। पुलिस के मुताबिक मुन्ना कुमार ईकोटेक दो स्थित एक कंपनी में नौकरी करता था। मुन्ना मंगलवार को कंपनी से ड्यूटी कर अपने कमरे पर लौट रहा था। दुर्गा गोल चक्कर के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल मुन्ना को अस्पताल ले जा गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अब इस मामले में मुन्ना के पिता महेंद्र कुमार ने अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज करवाया है। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस वाहन और चालक के बारे में जानकारी जुटा रही है। आरोपी चालक को गिरफ्तार कर कार्यवाही की जाएगी।

# दबंगई की हदें पार : महिला की पीट-पीटकर हत्या

- हत्या की धारा न लगने से भड़का पीड़ित परिवार
- पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल और मुख्यमंत्री आवास, लखनऊ जाकर भी न्याय की गुहार लगाई है

**पीलीभीत।** जनपद में दबंगई, पुलिस की कार्यप्रणाली और कथित राजनीतिक प्रभाव का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। थाना कोतवाली क्षेत्र के गनेशगंज गोटिया गांव में एक महिला की बेरहमी से पिटाई के बाद हुई मौत के बावजूद पुलिस द्वारा हत्या की धारा न लगाए जाने से पीड़ित परिवार न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है।पीड़ित पक्ष के अनुसार, 16 नवंबर को आरोपी हरप्रसाद पुत्र खेमकरन और उसकी पत्नी सोनी ने मिलकर घर में घुसकर प्रार्थी की मां पर जानलेवा हमला किया। आरोप है कि आरोपियों ने महिला को बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया और सिर को बार-बार जमीन पर मारा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। महिला मौके पर ही बेहोश हो गईं। हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

मामले में पुलिस ने मृतका का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम तो कराया, लेकिन परिजनों का आरोप है कि शुरुआत से ही घटना को हल्का दिखाने का प्रयास किया गया। मृतका की मृत्यु से पूर्व थाना कोतवाली में मु0अ0सं0 388/2025 के तहत धारा 324(4), 333, 115(2), 109, 351(3) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया था, लेकिन महिला की मौत के बाद भी धारा 103 बीएनएस (हत्या) नहीं जोड़ी गई, जो पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े करता है।परिजनों का कहना है कि घटना का वीडियो साक्ष्य विवेचक को उपलब्ध कराया गया है, जिसमें मारपीट साफ दिखाई दे रही है, इसके बावजूद आरोपी अब तक खुलेआम घूम रहे हैं। आरोप है कि मुख्य आरोपी हरप्रसाद राजनीतिक रूप से प्रभावशाली और धनाढ्य है, जिसके चलते पुलिस और विवेचक उस पर मेहरबान बने हुए हैं।इतना ही नहीं, आरोप है कि 23 नवंबर के बाद पुलिस ने मामले की दिशा बदलते हुए मु0अ0सं0 1622/2025 में धारा 170, 126, 135 बीएनएस के तहत शांति भंग के नाम पर चालान कर मामले को दबाने की कोशिश की, जिससे आरोपियों को अप्रत्यक्ष संरक्षण मिल गया।पीड़ित परिवार का यह भी आरोप है कि उक्त हमला मृतका के परिवार के घर पर जबरन कब्जा करने की नीयत से किया गया था। न्याय न मिलने से आहत प्रार्थी और उसका परिवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर अनशन और भूख हड़ताल करने को विवश हो गया है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल और मुख्यमंत्री आवास, लखनऊ जाकर भी न्याय की गुहार लगाई है।पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले में तत्काल जोड़ते हुए सभी आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए तथा थाना कोतवाली पुलिस की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराई जाए। यह मामला एक बार फिर यह सवाल खड़ा करता है कि क्या प्रभावशाली आरोपियों के सामने कानून बेबस हो चुका है? और क्या एक महिला की जान की कीमत केवल कागजी कार्रवाई तक ही सीमित रह गई है।




# सुनगढ़ी क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर दी जान, परिवार और मोहल्ले में मातम

**पीलीभीत।** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र से एक बेहद दुखद घटना सामने आई है, जहां 16 वर्षीय किशोर ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस हृदयविदारक घटना के बाद से पूरे मोहल्ले में शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है, जबकि परिजन गहरे सदमे में हैं। मोहल्ला नई बस्ती निवासी रामचरण मौर्य के पुत्र प्रिंस मौर्य (16) शहर के लीची बाग स्थित एक डेयरी पर मजदूरी करता था। बताया जा रहा है कि गुरुवार शाम वह रोज की तरह काम समाप्त कर घर लौटा था।

उसका बड़ा भाई हरचरण भी उसी डेयरी पर काम करता है और दोनों भाई मिलकर परिवार की जिम्मेदारियां निभा रहे थे। प्रिंस के पिता का पहले ही निधन हो चुका था, जिसके बाद परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी दोनों भाइयों पर आ गई थी। परिजनों के अनुसार, प्रिंस रात करीब आठ बजे घर आ गया था। रात लगभग दस बजे जब उसका बड़ा भाई हरचरण काम से लौटकर घर पहुंचा, तो उसने अंदर का दृश्य देखकर चीख-पुकार मचा दी। प्रिंस घर के अंदर रस्सी के फंदे से लटका हुआ था।

भाई की चीख सुनकर मां गंगादेई सहित अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। किशोर को इस हालत में देख परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

घटना की सूचना फैलते ही आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए। मोहल्ले में हर कोई इस घटना से स्तब्ध नजर आया। परिजनों का कहना है कि प्रिंस शांत स्वभाव का था और किसी से उसका कोई विवाद भी नहीं था। उसने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया, यह बात परिवार की समझ से परे है। सूचना मिलते ही थाना सुनगढ़ी प्रभारी निरीक्षक नरेश त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। मौके पर जांच-पड़ताल के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस फिलहाल इस मामले को आत्महत्या मानकर चल रही है, लेकिन किशोर द्वारा उठाए गए इस कदम के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है।

# नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार



**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण कोतवाली पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 1478/2025 धारा 316(2)/ 352/ 351(3)/ 126(2)/ 308(5)/226 बीएनएस में वांछित अभियुक्त सत्यभान उर्फ गोलू पुत्र रणवीर सिंह यादव उम्र करीब 20 वर्ष नि0 करमुहारा थाना जखौरा जनपद ललितपुर, हाल निवासी मुहल्ला पिसनारी थाना कोतवाली व जनपद ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया है। वादी मुकदमा भूपेन्द्र तिवारी पुत्र कैलाशनाथ नि0 थाना कोतवाली व ललितपुर द्वारा कोतवाली पर तहरीर देकर अवगत कराया गया कि अभियुक्त सत्यभान उर्फ गोलू उपरोक्त द्वारा वादी से नौकरी लगवाने के नाम पर 07 लाख 50 हजार रूपये ले लेना व शेष रूपयों की मांग करने को लेकर गाली गलौज कर झूठें मुकदमें में फंसाने की धमकी देना व रास्ते में रोककर 03 लाख रूपये की मांग करते हुये जान से मारने की धमकी देना व डरा धमकाकर 20 हजार रूपये ले लेने तथा वापस पैसा माँगने पर सुसाइड करने की धमकी देने के सम्बंध में प्रा0पत्र दिया गया था ।

# विभिन्न मांगों को लेकर किसान यूनियन का धरना प्रदर्शन





## एसडीएम, सीओ ने उचित निस्तारण का दिया आश्वासन

**विशाल इंडिया पूनम तिवारी**

**अंबेडकर नगर।** भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी (अराजनैतिक) के बैनर तले अंबेडकर नगर इकाई के जिला अध्यक्ष पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को भीटी तहसील परिसर में क्षेत्राधिकार भीटी कार्यालय के समक्ष मैदान में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया।भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयताबादी अराजनीतिक के जिला अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया कि उक्त धरना प्रदर्शन में कुल 8 मांगों पर महापंचायत करके एसडीम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी भीटी लक्ष्मीकांत मिश्रा तथा भीटी सर्कल के तीनों थाना अध्यक्ष के समक्ष अपनी समस्या को अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि किसान देश के अन्नदाता हैं उनके कार्य को प्राथमिकता के आधार पर अधिकारियों को निपटाना चाहिए,अगर उनके कार्य नहीं होंगे तो हम लोग धरना प्रदर्शन आगे भी करते रहेंगे,तथा यह धरना प्रदर्शन लखनऊ में विधानसभा के घेराव के बाद ही समाप्त होगा।किसान यूनियन की महापंचायत में ज्ञापन लेने पहुंचे एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी भीटी लक्ष्मीकांत मिश्रा ने उनकी प्रस्तुत की गई सभी मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और दोनों अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि विधिक रूप से जो मांगे सही होगी उनका उचित निस्तारण अति शीघ्र गुणवत्ता पूर्ण तरीके से किया जाएगा।इस दौरान एसडीएम भीटी ने कहा कि हम यहां जनता की सेवा करने के लिए बैठे हैं सभी मांगों पर विचार करके शीघ्र से शीघ्र उनका निस्तारण किया जाएगा।इस दौरान धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी मंडल अध्यक्ष अवधेश सिंह जिला उपाध्यक्ष राजितराम वर्मा श्रीनिवास पांडे कपिल देव यादव सुनील मौर्या पूनम गौड़ रीमा पाल मेवालाल घनश्याम गौड़ वंश राजपाल इंद्रावती सहित सैकड़ो किसान यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शार्ट न्यूज

## पुलिस ने एक खोया मोबाइल बरामद किए: जाखलौन थाना क्षेत्र में मालिक को सौंपे फोन

**ललितपुर ।** जाखलौन थाना पुलिस ने एक खोया हुए मोबाइल फोन बरामद किया हैं। इन मोबाईल की अनुमानित कीमत 13 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने इन्हें उनके असली मालिक को सौंप दिया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जाखलौन पर जनसुनवाई/पोर्टल पर गिरे / खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्र में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी । थाना जाखलौन पुलिस की साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित ष्टश्वढ्ढक्रपोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड कर सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 01 गिरे हुए/ खोये हुए मोबाइल फोन को बरामद कर, उसके स्वामी को सुपुर्द किया।

## कानपुर में साइबर ठगो ने हड़पे 28 लाख

**कानपुर।** ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर साइबर शातिरों ने युवक से 22 लाख रुपए ठग लिए। मुनाफे के लालच में युवक विभिन्न फर्मों में निवेश करता रहा। मुनाफे की रकम निकालने की कोशिश पर युवक को अपने साथ हुए फ्राड का अहसास हुआ। इस पर पुलिस से शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज कराई है। साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है। कल्याणपुर के आवास विकास-तीन निवासी रंजीत कुमार शाह ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके व्हाट्सएप पर ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए पैसा कमाने का ऑफर आया, जिसे उन्होंने नजर अंदाज कर दिया। इसके बाद उनके पास कॉल आई, जिस पर उन्हें एक ऑनलाइन ट्रेडिंग ग्रुप से जोड़ दिया गया। शातिर ने उन्हें विश्वास में लेकर पहले 30 हजार का निवेश कराया। ग्रुप की बैलेंसशीट पर लगातार मुनाफा दिखाया जाने लगा। इसके बाद उसे और अधिक निवेश कर अच्छी कमाई का लालच दिया गया। इसके बाद उनसे विभिन्न फर्मों में करीब 22 लाख का निवेश कराया गया।

## आगरा में बस स्टैंड से मोबाइल और पर्स चोरी

**आगरा।** आगरा में अलमास खान दिल्ली जाने के लिए आईएसबीटी बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान दो चोरों ने उसे बातों में लगाकर उसका मोबाइल और पर्स चोरी कर लिया। बाद में डेबिट कार्ड से 1.48 लाख और 15 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए। शिकायत पर थाना हरीपर्वत पुलिस केस दर्ज कर जांच में लगी है। टेढ़ी बगिया निवासी अलमास ने पुलिस को बताया कि एक दिसंबर को शाम 4 बजे वह आईएसबीटी पर दिल्ली जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे। दो अनजान युवकों ने उन्हें बातों में लगाया और मोबाइल और पर्स चोरी करके ले गए। पर्स के अंदर पंजाब नेशनल बैंक का डेबिट कार्ड व अन्य सामान रखा था। नेहरू नगर नगर स्थित एटीएम मशीन से 1.48 लाख रुपये निकाल लिए और 15 हजार ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए। दूसरे दिन उनका मोबाइल आगरा किले के पास हाथी घाट स्थित परचून की दुकान वाले को मिला। दुकानदार ने उनके एक परिचित के नंबर पर फोन करके जानकारी दी।

## आजमगढ़ महोत्सव में कवियों ने दी शानदार प्रस्तुति

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में चल रहे आजमगढ़ महोत्सव के तीसरे दिन भारतीय जनता पार्टी के विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक और जिले के सीडीओ परीक्षित खटाना ने महोत्सव का शुभारंभ किया। सभी कलाकारों और कवियों को बधाई देते हुए भाजपा के विधान परिषद सदस्य ने कहा कि आज का यह कवि सम्मेलन हम सभी को उत्साहित करेगा। कवि सम्मेलन के समापन के बाद कार्यक्रम में शामिल होने आए कवियों को विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक और मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना ने सम्मानित भी किया। आजमगढ़ महोत्सव में कवि सर्वेश अस्थाना डॉक्टर सुनील जोगी शंभू शिखर प्रियांशु गजेंद्र नीलोत्पल मृणाल मणिका दुबे और विकास बौखल ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति दी।

## विवाद के बाद युवक की चाकू मारकर हत्या

**वाराणसी।** वाराणसी के बड़ागांव थाना क्षेत्र के इदिलपुर में शुक्रवार देर रात विवाद में हमलावरों ने युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। गंभीर चोटों से भेलखा निवासी अश्वनी सिंह उर्फ मोनल (28) पुत्र त्रिभुवन सिंह मौके पर ही मौत हो गई । शराब पीने के दौरान विवाद के बाद तीनों हमलावर अचानक मोनल पर आक्रामक हो गए और मिलकर पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद दो आरोपियों ने मोनल को दबोच लिया और तीसरे चाकू पेट में घोप दिया। तब तक उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार करते रहे जब तक मोनल सिंह (28) ने दम नहीं तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देकर हमलावर धमकाते हुए घटनास्थल से फरार हो गए और गांव में हड़कंप मच गया। आनन फानन ग्रामीणों ने बड़ागांव पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस और परिजन उसे पंडित दीन दयाल अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद एसओ अजय कुमार मिश्रा ने डीसीपी गोमती जोन आकाश पटेल, एसीपी पिंडरा प्रतीक कुमार को घटना की जानकारी दी।

## वीर बाल दिवस पर निकली नमन यात्रा

**गोरखपुर।** गोरखपुर में सिख समुदाय के लोगों की ओर से वीर बाल दिवस पर भव्य नमन यात्रा निकाली गई। यह यात्रा सिख धर्म के दसवें गुरु गोविंद सिंह व माता गुजर कौर के चार साहबजादों बाबा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह के महान बलिदान गाथा की याद निकली गई। इस अवसर पर शहर के प्रमुख गुरुद्वारा जटाशंकर से भव्य नमन यात्रा निकाली गई और प्रदर्शनी का आयोजन कर चार साहबजादों के महान बलिदान से शहरवासियों को रूबरू कराया गया। इस भव्य आयोजन पर अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह और सदर सांसद रविकिशन शुक्ल भी मौजूद रहे। उन्होंने फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नमन यात्रा में बच्चे, बड़े महिला व पुरुष हर के साथ हर धर्म के लोग बड़ी संख्या में शामिल रहे।

# ओवरस्पीड से वाहन चलाने पर 11 चालकों पर कार्रवाई



**ललितपुर ।** यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 11 चालकों पर कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक, के निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में ,यातायात प्रभारी, ललितपुर आलोक कुमार तिवारी के नेतृत्व में सघन चैकिंग अभियान चलाया गया । अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से एनएच-44 हाइवे पर स्पीड रडार गन से वाहनों के गति की जांच की गई और अनुमन्य गति सीमा से अधिक गति पाए जाने पर 11 वाहनों का एम. वी. एक्ट की सुसंगत धाराओं में चालान किया गया। इसी क्रम में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा बताया गया कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें और सुरक्षित रहें । दो पहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य लगायें, जिससे की किसी दुर्घटना के घटित होने पर वह सुरक्षित रह सके। दो पहिया वाहन पर तीन सवारियां न बैठाकर न चलाये । शराब इत्यादि का नशा करके वाहन न चलाये । चार पहिया वाहन चालकों से सीटबेल्ट का प्रयोग करके वाहन चलाने की भी अपील की । सवारी व लोडिंग टैक्सी चालकों से नियंत्रित गति और सुगम रूप से यातायात व्यवस्था संचालन के लिए कहा गया । बिना नंबर प्लेट के वाहन न चलायें । वाहन को ओवर स्पीड से न चलायें । सड़क पर सदैव अपनी वायीं दिशा में चलें । वाहन चलाते समय मोबाइल फोन/ईयर फोन आदि का प्रयोग न करें । ब्लैक फिल्म लगाकर वाहन न चलाये । वाहन के साथ स्टंटबाजी करके न चलाये । अपने वाहन में हूटर/मोडिफाइड साईलेन्सर/मानक के विपरीत तीव्र ध्वनि वाले होर्न का प्रयोग न करें ।

## हाथरस में पुलिस टीम पर हमला

**हाथरस।** हाथरस में एक झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। महिलाओं समेत ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों को घेर लिया। गाड़ी से खींचकर पीटा और पथराव भी किया। जिससे पुलिस वाहन के शीशे टूट गए। इस दौरान पुलिसकर्मी बेबस नजर आए। वह हाथ जोड़कर छोड़ने की गुहार लगाते रहे। बचकर भागने की कोशिश करते रहे। महिलाओं का आरोप है पुलिसकर्मी नशे में थे। उन्होंने महिलाओं से अभद्रता की। पुलिस पर हमले वीडियो भी सामने आया है। मामला जंक्शन कोतवाली क्षेत्र का है। नूरपुर गांव में शुक्रवार शाम दो पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था। इसकी सूचना पर 112-पीआरवी के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे थे। ग्रामीणों का आरोप है कि एक पुलिसकर्मी ने एक किशोर को थप्पड़ मारा। उसे गाड़ी में बैठाकर ले जाने का प्रयास किया, जिससे ग्रामीण भड़क गए। गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस टीम को घेर लिया और उन पर हमला कर दिया। महिलाओं ने भी पुलिसकर्मियों को पकड़ा और उन्हें गाड़ी से बाहर खींचकर पीटा। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि पुलिसकर्मियों को अपनी जान बचाने के लिए ग्रामीणों के सामने गिड़गिड़ाना पड़ा। कुछ ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी नशे में थे और उनकी गाड़ी में शराब की बोतल भी रखी हुई थी। घटना की सूचना मिलने पर हाथरस जंक्शन थाने से अतिरिक्त पुलिस बल और अन्य स्थानों से भी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा।

# संपत्ति विवाद में सगे भाई की हत्या, शव घर में दफनाया

पीलीभीत। पीलीभीत में रविवार को 7 बीघा जमीन के विवाद में भाई ने छोटे भाई की हत्या कर दी। इसके बाद साक्ष्य मिटाने के इरादे से शव को घर में करीब आठ फुट गहरा गड्ढा खोदकर शव दफना दिया।

बड़े भाई ने शुक्रवार को पुलिस को भाई हंसराज के कई दिनों से लापता होने की सूचना दी।

साथ ही उसने हत्या की आशंका जताई। पुलिस की पूछताछ में मामला सामने आने के बाद शव बरामद कर मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया है। घटना बिलसंडा थाना क्षेत्र के लिलहर गांव की है।

दरअसल हंसराज (35) मूल रूप से बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव भौरूआ का निवासी था। अपने बड़े भाई पृथ्वीराज के साथ रहता था। वहीं मझला भाई नक्षत्रपाल सिंह अपनी ननिहाल लिलहर गांव में रहता था। हंसराज शादी नहीं हुई थी।

घर में रहकर खेती का काम करता था। बताया जाता है कि हंसराज बड़े भाई के साथ रहता था। वह अपनी पैतृक संपत्ति में हिस्सेदारी की मांग कर रहा था।

परिजनों के अनुसार, मृतक की मां को उनके मायके (ननिहाल) से 7 बीघा कृषि जमीन मिली थी। मां की मौत के बाद मझले भाई नक्षत्र पाल ने कथित रूप से पूरी जमीन अपने नाम करा ली।

जब छोटा भाई हंसराज अपने हिस्से की मांग करता था। उसके साथ अक्सर मारपीट और विवाद होता था। परिवार में इसे लेकर तनाव लगातार बना हुआ था।

# 100 दिवसीय अभियान बाल विवाह मुक्त भारत के तहत किए गए जागरूकता कार्यक्रम



**ललितपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश में, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक/ नोडल अधिकारी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग पुलिस टीम द्वारा ग्राम बुढवार, सहरिया बस्ती में बच्चों को बाल विवाह, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन तथा मानव तस्करी की रोकथाम के संबंध में व्यापक रूप से जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों को शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी विभिन्न टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर— 1090, 1098, 108, 102, 112, 1076, 1930 एवं 181 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी, बाल उत्पीड़न एवं किसी भी प्रकार के शोषण की स्थिति में पुलिस सहायता लेने के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही यह स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की एवं 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह करना कानूनन अपराध है। सभा के माध्यम से ग्रामवासियों को विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम कराना कानूनन दंडनीय अपराध है, चाहे वह दुकान, होटल, ढाबा, खेत-खलिहान अथवा किसी भी निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठान में कराया जाए। उपस्थित ग्रामीणों को बाल श्रम से संबंधित प्रचलित कानूनों, दंडात्मक प्रावधानों तथा इसके दुष्परिणामों के बारे में सरल भाषा में समझाया गया, साथ ही यह भी बताया गया कि बाल श्रम बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक विकास में गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। इसके अतिरिक्त नाबालिग बच्चों की देखरेख, संरक्षण एवं सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के संबंध में अभिभावकों के साथ व्यापक चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा तथा भावनात्मक देखभाल के प्रति सजग रहने, बच्चों को किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न या जोखिमपूर्ण गतिविधियों से दूर रखने तथा संदिग्ध परिस्थितियों में तत्काल प्रशासन एवं पुलिस को सूचना देने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना समाज एवं अभिभावकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उक्त अभियान में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर, उ.नि. मंसूर अंसारी, म0का0 कल्पना बाजपेयी तथा चौकी प्रभारी नेहरू नगर अंकित कौशिक द्वारा सक्रिय सहभागिता की गई।

# मण्डलायुक्त ने समीक्षा बैठक कर जनपद के विकास कार्यों की जानी हकीकत

## कार्यालय से असंतुष्ट होकर न जाने पाये कोई भी फरियादी, निस्तारण के साथ करें उचित मार्गदर्शन : मण्डलायुक्त




**ललितपुर।** मण्डलायुक्त झांसी मण्डल/नोडल अधिकारी बिमल कुमार दुबे ने जिलाधिकारी ललितपुर सत्य प्रकाश के साथ आज शुक्रवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन की मंशानुसार आपके परफॉरमेंस और डिलिवरी में भिन्नता नहीं होनी चाहिए, इसके लिए विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति के साथ साथ कार्यालय में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का संतुष्टि भी जरुरी है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि आपके कार्यालय से कोई जनता का व्यक्ति असंतुष्ट होकर जा रहा है तो यह आपके दायित्वों की पूर्ति में लापरवाही को दर्शाता है, यदि व्यक्ति की समस्या का समाधान आपके विभाग से सम्भव नहीं है तो उसका सही मार्गदर्शन करें और सम्बंधित अधिकारी से वार्ता कर आवेदक को उनके कार्यालय पहुंचाएं, ताकि आवेदन आपके यहां से संतुष्ट होकर जाए।

इसके साथ ही प्रत्येक अधिकारी अपने मोबाइल में आईजीआरएस पोर्टल एप डाउनलोड कर प्रतिदिन शिकायतों का स्वयं संज्ञान लें, ताकि जनशिकायतों का प्रभावी निस्तारण किया जा सके।

## लखनऊ विवि में मनुस्मृति दहन प्रयास

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में मनुस्मृति दहन के प्रयास के दौरान पुलिस ने छात्रों पर पानी की बौछार की और कई को हिरासत में ले लिया। यह घटना बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के सामने हुई। बिरसा अंबेडकर फुले छात्र संगठन ने मनुस्मृति दहन दिवस के अवसर पर महाराजा बिजली पासी जयंती मनाई। संगठन के पदाधिकारियों ने जैसे ही मनुस्मृति दहन का प्रयास किया, पुलिस प्रशासन ने हस्तक्षेप किया। छात्रों पर पानी फेंका गया और उन्हें हसनगंज थाने में हिरासत में ले लिया गया। यह पूरा घटनाक्रम विश्वविद्यालय परिसर के भीतर हुआ। बापसा अध्यक्ष मानव रावत ने इस दौरान कहा कि मनुस्मृति एक समता और समानता विरोधी ग्रंथ है, जो शूद्रों और महिलाओं को असमानता की दृष्टि से देखता है। उन्होंने इस पुस्तक के विरोध और दहन को आवश्यक बताया।रावत ने बहराइच में न्यायालय द्वारा मनुस्मृति को उद्धृत किए जाने का भी उल्लेख किया, जिसे उन्होंने इस विरोध प्रदर्शन का एक कारण बताया। इस मौके पर मानव रावत, अश्विनी कुमार, शुभम भारती, अभय कुमार और अभिषेक कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रंप समर्थित असफुरा बने होंडुरास के राष्ट्रपति

**तेगूसिगल्पा, एजेंसी।** होंडुरास में राष्ट्रपति चुनाव में रूढ़िवादी नेता नस्री असफुरा ने जीत हासिल की है। चुनाव आयोग के अनुसार, असफुरा को 40.3% वोट मिले, जबकि उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी सल्वाडोर नसराला को 39.5% वोट मिले। यह चुनाव काफी करीबी रहा। नस्री असफुरा को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन प्राप्त था। जीत के बाद असफुरा ने कहा कि वह देश की सेवा के लिए तैयार हैं और जनता को निराश नहीं करेंगे। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने असफुरा को बधाई दी और कहा कि अमेरिका उनके साथ मिलकर सुरक्षा, आर्थिक सहयोग और अवैध आव्रजन जैसे मुद्दों पर काम करना चाहता है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से चुनाव परिणाम स्वीकार करने की अपील भी की। अमेरिका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडाउ ने भी असफुरा और होंडुरास की जनता को चुनाव की सफलता पर बधाई दी। इससे पहले, डोनाल्ड ट्रंप ने होंडुरास के पूर्व राष्ट्रपति जुआन ओरलांडो हर्नांडेज को माफी दी थी, जो अमेरिका में ड्रग तस्करी के मामले में सजा काट रहे थे।

### मास्को में बम धमाका, दो पुलिस अधिकारियों समेत तीन की मौत

**मास्को, एजेंसी।** रूस की राजधानी में बुधवार को हुए बम विस्फोट में दो पुलिस अधिकारियों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। धमाका येल्तस्काया स्ट्रीट पर उस जगह के करीब हुआ, जहां कुछ दिन पहले एक वरिष्ठ जनरल की कार बम हमले में हत्या कर दी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने जब एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ने की कोशिश की, तभी उसने विस्फोट से उड़ा दिया। मारे गए अधिकारियों की पहचान इल्या क्लिमानोव और मैक्सिम गोर्बुनोव के रूप में हुई है। तीसरे मृतक की पहचान डीएनए जांच से होगी।

### इमरान की अंतरिम जमानत बढ़ी, बहनों का जेल के बाहर धरना

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तानी कोर्ट ने इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की 9 मई हिंसा से जुड़े व अन्य कई मामलों में अंतरिम जमानत 27 जनवरी तक बढ़ा दी है। कोर्ट ने इमरान को अगली सुनवाई में निजी/वीडियो लिंक से मौजूद होने का निर्देश दिया। उधर, पूर्व पीएम की बहनों अलीमा खान, नोरीन खान नियाजी व उज्मा खान ने रावलपिंडी में इमरान खान से अदियाला जेल में न मिलने देने के विरोध में धरना दिया।

### उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में क्वाडकॉप्टर हमले में 4 बच्चे घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक आवासीय क्षेत्र पर एक क्वाडकॉप्टर द्वारा विस्फोटक सामग्री गिराए जाने से कम से कम चार बच्चे घायल हो गए। यह घटना कुर्रम जिले के गोंडलबाद इलाके में घटी, जहां तीन लड़के और एक लड़की घायल हो गए। घायल बच्चों को तुरंत इलाज के लिए पास के अस्पताल ले जाया गया। अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में आतंकवादी समूह हमले करने के लिए क्वाडकॉप्टरों का इस्तेमाल तेजी से कर रहे हैं, खासकर तात्कालिक विस्फोटक उपकरण गिराने के लिए। इस वर्ष इस प्रकार की घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। स्थानीय आदिवासी बुजुर्गों ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे 'निर्दोष नागरिकों, विशेषकर बच्चों के खिलाफ हिंसा का एक क्रूर कृत्य' बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कृत्य जानबूझकर गैर-लड़ाकों को निशाना बनाते हैं और इनका धर्म या मानवीय मूल्यों से कोई संबंध नहीं है। सुरक्षा बलों ने घटना की जांच शुरू कर दी है, वहीं हमले के बाद इलाके में और उसके आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### फ्रांस की डाक सेवा पर साइबर हमला, पार्सल डिलीवरी ठप

**पेरिस, एजेंसी।** क्रिसमस से ठीक पहले फ्रांस की राष्ट्रीय डाक सेवा ला पोस्टे पर हुए साइबर हमले ने पार्सल डिलीवरी और बैंकिंग सेवाओं को ठप कर दिया है। एक रूसी समर्थक हैकिंग समूह नोनेम057 ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। पेरिस अभियोजक कार्यालय के अनुसार, फ्रांसीसी खुफिया एजेंसी डीजीएसआई ने मामले की जांच कर रही है। सोमवार को हुए इस डीडीओएस हमले के कारण कंपनी का मुख्य कंप्यूटर सिस्टम ऑफलाइन हो गया।

### दो बच्चों की हत्या की आरोपी मां ब्रिटेन से अमेरिका प्रत्यर्पित

**लंदन, एजेंसी।** अपने दो बच्चों की हत्या की आरोपी 37 वर्षीय किम्बरली सिंगल को ब्रिटेन से अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया है। किम्बरली पर दो साल पहले पति से विवाद के दौरान 9 साल की बेटी और 7 साल के बेटे की हत्या करने का आरोप है। कोलोरेडो स्प्रिंग्स पुलिस के अनुसार, दिसंबर 2023 में लंदन के चेल्सी इलाके से उसे गिरफ्तार किया गया था। घटना के समय किम्बरली की 11 वर्षीय बेटी घायल हुई थी।

# खत्म हुआ 17 साल का इंतजार, बांग्लादेश लौटे तारिक रहमान, खतरे में मोहम्मद यूनुस की गद्दी?



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान आज 17 वर्षों के लंबे निर्वासन के बाद लंदन से ढाका लौट चुके हैं। बांग्लादेश एयरलाइंस की विमान से वह सिलहट के उस्मानी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे होते हुए ढाका लौटे। विमान सुबह करीब 9:58 बजे ढाका पहुंचा, जबकि हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इसके 11:50 बजे उतरने का कार्यक्रम है। तारिक रहमान की वापसी को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। उनके आवागमन के लिए एक बुलेटप्रूफ वाहन पहले ही हवाई अड्डे पर पहुंचा दिया गया था, जो सुबह करीब 7:15 बजे वहां पहुंचा। इसी वाहन से वे हवाई अड्डे से विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने जाएंगे।

नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने सुरक्षा कारणों से हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शाम 6 बजे तक आगंतुकों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। एयरपोर्ट परिसर और आसपास के इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं, जबकि एसडब्ल्यूएटी टीमें भी अलर्ट पर रखी गई हैं।

**कौन हैं तारिक रहमान :** पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान आगामी फरवरी में होने वाले आम चुनाव में प्रधानमंत्री पद के प्रमुख दावेदार के रूप में उभरे हैं। बीएनपी के प्रवक्ता रुहुल कबीर रिज़वी ने जिया के बड़े बेटे रहमान की वापसी का जिक्र करते हुए कहा, 'यह एक निर्णायक राजनीतिक क्षण होगा।' उनके पिता ज़ियाउर रहमान सैन्य शासक से नेता बने थे। जियाउर ने बीएनपी की स्थापना की। वह 1977 से 1981 तक राष्ट्रपति थे, जब उनकी हत्या कर दी गई थी।

तारिक रहमान बुधवार रात करीब 9:30 बजे लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट पहुंचे थे। इस दौरान यूके बीएनपी के नेता और कार्यकर्ता उन्हें विदा करने के लिए मौजूद रहे। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद विमान ने रात 12:30 बजे ढाका के लिए उड़ान भरी। वे इस यात्रा में अपनी पत्नी डॉ. जुबैदा रहमान और बेटी बैरेस्टर जाइमा रहमान के साथ हैं। पार्टी के करीब 50 नेता और कार्यकर्ता भी इसी उड़ान से बांग्लादेश लौट रहे हैं।

बीएनपी सूत्रों के अनुसार, ढाका पहुंचने के बाद तारिक रहमान कुछ समय के लिए एयरपोर्ट के वीआईपी लाउंज 'राजनिगंधा' में रुकेंगे। इसके बाद वे सड़क मार्ग से कुरिल होते हुए 300 फीट क्षेत्र में बनाए गए स्वागत स्थल पर जाएंगे, जहां वे जनसभा को संबोधित करेंगे और दोपहर करीब 3:40 बजे तक वहां मौजूद रहेंगे। इसके बाद वे बाशुंधरा जी ब्लॉक गेट के रास्ते एवरकेयर अस्पताल पहुंचेंगे, जहां वे अपनी अस्वस्थ मां और बीएनपी अध्यक्ष खालिदा जिया के साथ लगभग एक घंटे बिताएंगे। शाम को वे अपने गुलशन स्थित आवास लौट जाएंगे।

तारिक रहमान के स्वागत में जुलाई 36 एक्सप्रेसवे पर तड़के से ही भारी भीड़ उमड़ पड़ी। ठंडे मौसम की परवाह किए बिना हजारों समर्थकों ने रात वहीं बिताई, ताकि अपने नेता की एक झलक पा सकें। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, देश के विभिन्न हिस्सों से बस, ट्रेन और नावों के जरिए समर्थक पहुंचते रहे, जिससे एक्सप्रेसवे पूरी तरह भर गया। आसपास के इलाकों से भी बीएनपी नेता और कार्यकर्ता जुलूसों के रूप में कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे।

**ढाका हवाई अड्डे की ओर बीएनपी समर्थकों का मार्च :** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के समर्थक ढाका हवाई अड्डे की ओर मार्च कर रहे हैं, जहां पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान जल्द ही पहुंचने वाले हैं। वे 17 साल लंदन में निर्वासन में रहने के बाद बांग्लादेश लौट रहे हैं।

**भारत के लिए क्यों मायने रखती है तारिक रहमान की वापसी :** इस समय बांग्लादेश राजनीतिक और सामाजिक संकट से गुजर रहा है। फरवरी में होने वाले चुनाव से पहले हालात तनावपूर्ण हैं। अवामी लीग, जिसे भारत के करीब माना जाता है, चुनाव नहीं लड़ रही। अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के दौर में भारत से दूरी और पाकिस्तान से नजदीकी बढ़ने के संकेत मिले हैं। कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी फिर से सक्रिय हुआ है, जिसे भारत पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़ा मानता है। ऐसे में भारत को लगता है कि बीएनपी अपेक्षाकृत उदार और लोकतांत्रिक विकल्प हो सकती है, भले ही अतीत में भारत-बांग्लादेश संबंधों में खटास रही हो।

**भारत-बीएनपी संबंधों में नरमी के संकेत :** हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीमार खालिदा जिया के प्रति चिंता जताई। बीएनपी ने इसके लिए आभार जताया। वर्षों बाद दोनों पक्षों के बीच यह एक सकारात्मक संदेश माना गया।

## रूस के याकूतिया में तापमान -56 डिग्री, ये धरती पर सबसे कम; -60 डिग्री पहुंचने की आशंका



**मास्को, एजेंसी।** रूस के याकूतिया में जबरदस्त ठंड पड़ रही है। यहां तापमान -56 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है, जो इस समय धरती पर सबसे कम माना जा रहा है। इतनी ठंड में खुली जगह पर कुछ ही मिनटों में शरीर सुन्न हो सकता है। याकूतिया के टिकसी गांव में पिछले तीन दिनों से तेज बर्फीला तूफान चल रहा है। चारों तरफ बर्फ ही बर्फ नजर आ रही है। तेज हवा के साथ उड़ती बर्फ ने लोगों का बाहर निकलना बहुत मुश्किल कर दिया है। हालात को देखते हुए प्रशासन ने सभी स्कूलों में छुट्टी कर दी है और छोटे बच्चों के किंडरगार्टन भी बंद कर दिए गए हैं, ताकि बच्चे सुरक्षित रहें।

लगातार हो रही बर्फबारी से कई घरों के मुख्य दरवाजों तक बर्फ जम गई है। कुछ जगहों पर तो बर्फ इतनी ज्यादा है कि लोग अपने घरों से बाहर ही नहीं निकल पा रहे हैं। कई परिवारों को जरूरी सामान पाने में भी दिक्कत हो रही है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ सकती है और तापमान -60 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। लोगों को सलाह दी गई है कि बहुत जरूरी काम होने पर ही बाहर निकलें। स्थानीय प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है और जरूरत पड़ने पर मदद पहुंचाने की तैयारी कर रहा है। लोगों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

## भारत के राजदूत क्वात्रा ने अमेरिकी समकक्ष सर्जियो गोर से की मुलाकात, ट्रंप के आवास मार-ए-लागो पर हुई बैठक



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** दक्षिण व मध्य एशिया एशिया के विशेष दूत व भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट साझा किया। इसमें उन्होंने लिखा, अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा से मिलकर हमेशा खुशी वाली बात होती है। यह उनकी मार-ए-लागो की पहली यात्रा थी। राष्ट्रपति ट्रंप भी इस समय मार-ए-लागो में मौजूद हैं। वह क्रिसमय की छुट्टियों के लिए सप्ताहांत में फ्लोरिडा के पाम बीच पर स्थित अपने आवास पर पहुंचे थे। आज बाद में, वह उत्तरी अमेरिका की सुरक्षा से जुड़ी संस्था (नोराड) के सैंटा कॉल कार्यक्रम में भाग लेंगे और ड्यूटी पर तैनात सैनिकों से फोन पर बात करेंगे। गोर ने मंगलवार को भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोब्गे की ट्रंप के साथ एक तस्वीर भी साझा की थी। उन्होंने लिखा, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोब्गे की फ्लोरिडा राज्य की पहली यात्रा के दौरान उनकी मेजबानी करके खुशी हुई।

## ताइवान के आसपास नहीं थम रही चीन की सैन्य गतिविधियां, छह चीनी विमान और आठ युद्धपोत दिखे



**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान की समुद्री सीमा के आस-पास चीन की सैन्य गतिविधियां लगातार जारी है, ताइवान के रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने गुरुवार सुबह छह बजे तक ताइवान के आसपास चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों का पता लगाया है। मंत्रालय के अनुसार, इस दौरान चीन के छह सैन्य विमानों, आठ नौसैनिक जहाजों और एक सरकारी जहाज की मौजूदगी दर्ज की गई।

**दो विमानों ने पार की एडीआईजेड :** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इन छह विमानों में से दो विमान ताइवान और चीन के बीच मानी जाने वाली मध्य रेखा (मीडियन लाइन) को पार कर गए और ताइवान के उत्तरी तथा दक्षिण-पश्चिमी एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन (एडीआईजेड) में दाखिल हुए। मंत्रालय ने कहा कि स्थिति पर लगातार नजर रखी गई और आवश्यक जवाबी कदम उठाए गए। इससे एक दिन पहले, बुधवार को भी ताइवान ने इसी तरह की गतिविधियों की जानकारी दी थी। उस दिन पांच चीनी सैन्य विमान, आठ नौसैनिक जहाज और एक सरकारी जहाज ताइवान के आसपास पाए गए थे। इनमें से एक विमान ने मीडियन लाइन पार कर ताइवान के एडीआईजेड में प्रवेश किया था। ताइवान का कहना है कि चीन की ये गतिविधियां उसकी सुरक्षा के लिए चिंता का विषय हैं और वह हर हाल में अपनी सीमाओं की रक्षा के लिए सतर्क है।

**पेंटागन रिपोर्ट में चीन की विस्तारवादी सोच पर चिंता :** इसी बीच, अमेरिका के रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) की एक रिपोर्ट, जो अमेरिकी संसद को सौंपी गई है, ने चीन की व्यापक रणनीति को लेकर गंभीर चिंता जताई है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने भारत के अरुणाचल प्रदेश को भी अपने तथाकथित मुख्य हितों में शामिल कर लिया है।

**दक्षिण चीन सागर, सेंकाकू द्वीप समूह पर चीन की नजर :** रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन के 'मुख्य हितों' में अब ताइवान, दक्षिण चीन सागर के समुद्री विवाद, सेंकाकू द्वीप समूह और भारत का अरुणाचल प्रदेश शामिल हैं। चीन का लक्ष्य 2049 तक 'चीनी राष्ट्र के महान पुनरुत्थान' को हासिल करना बताया गया है। चीनी अधिकारियों का कहना है कि ताइवान समेत विवादित क्षेत्रों का एकीकरण उनके लिए राष्ट्रीय पुनरुत्थान की 'स्वाभाविक आवश्यकता' है। इससे एशिया-प्रशांत क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

## बांग्लादेश की राजधानी ढाका में धमाका, 1 की मौत; बदमाशों ने फ्लाईओवर से पेट्रोल बम फेंका



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में बम ब्लास्ट हुआ है। पुलिस के मुताबिक माघ बाजार इलाके में बदमाशों ने फ्लाईओवर से पेट्रोल बम फेंका, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना मंगलवार शाम करीब 7 की है। मृतक की पहचान सैफुल के रूप में हुई है। वह सड़क किनारे एक चाय की दुकान पर खड़ा था, तभी ऊपर से फेंका गया पेट्रोल बम उसके ऊपर गिरा। हातिरझील थाना पुलिस ने बताया कि धमाके में सैफुल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हमलावरों की तलाश की जा रही है।

## चक्रवात से श्रीलंका में कृषि क्षेत्र को व्यापक क्षति : एफएओ

**कोलंबो, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र के खाद्य-कृषि संगठन (एफएओ) ने कहा है कि चक्रवात दित्वा से श्रीलंका में कृषि, मत्स्य पालन और ग्रामीण आजीविका को व्यापक नुकसान पहुंचा है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बाढ़ से कृषि भूमि, फसल, पशुधन और मत्स्य संपत्तियों के साथ-साथ घरों में रखा खाद्य भंडार भी नष्ट हो गया। इस आपदा से अनुमानित 2,27,000 किसान प्रभावित हुए हैं, जिनमें छोटे धान उत्पादक नुकसान में रहे। 22 दिसंबर को जारी इस रिपोर्ट में कहा गया कि चक्रवात ऐसे समय आया, जब किसान वर्ष 2026 की मुख्य फसल की बुआई कर चुके थे या बुआई के कार्य में लगे हुए थे। मत्स्य पालन क्षेत्र में कुल नुकसान का मूल्य 20.5 से 21.5 अरब के बीच है।

## जापान : क्योटो में फैला बर्ड फ्लू, सीजन में इस तरह का 9वां मामला

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के कृषि मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि जेनेटिक टेस्टिंग में क्योटो प्रांत के एक पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू (हाईली पैथोजेनिक एवियन इन्फ्लूएंजा) की पुष्टि हुई है। यह इस सीजन में देश में बर्ड फ्लू का नौवां मामला है। कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन मंत्रालय के अनुसार, यह मामला क्योटो प्रांत के कामेओका शहर में स्थित एक पोल्ट्री फार्म में सामने आया है। इस फार्म में लगभग 2 लाख 80 हजार अंडे देने वाली मुर्गियां पाली जाती हैं। स्थानीय प्रशासन को मंगलवार को इसकी जानकारी मिली।

उसी दिन फार्म की मुर्गियों पर रैपिड एवियन इन्फ्लूएंजा टेस्ट किया गया, जिसके नतीजे पॉजिटिव आए। इसके बाद बुधवार को आनुवंशिक जांच से यह साफ हो गया कि यह गंभीर किस्म का एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस है। नियमों के अनुसार, फार्म की सभी मुर्गियों को मारकर नष्ट किया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें जलाकर जमीन में दफन किया जाएगा। फार्म के तीन किलोमीटर के दायरे में आने वाले अन्य फार्मों से मुर्गियों और अंडों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। वहीं, तीन से दस किलोमीटर के क्षेत्र में स्थित फार्म बाहर के इलाकों में पोल्ट्री उत्पाद नहीं भेज सकेंगे। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, वायरस के और फैलाव को रोकने के लिए फार्म के आसपास कीटाणुनाशक छिड़काव तेज कर दिया गया है। बीमारी की जांच के लिए एक विशेष टीम भी भेजी गई है। जरूरत पड़ने पर मंत्रालय के विशेषज्ञ भी मौके पर जाएंगे। जापान में आमतौर पर बर्ड फ्लू का मौसम शरद ऋतु से लेकर अगले वसंत तक रहता है। इस मौसम में अब तक हुए आठ मामलों में करीब 24 लाख मुर्गियों को मारना पड़ा है।

देश में पहला मामला 22 अक्टूबर को सबसे उत्तरी प्रांत होक्काइडो में सामने आया था। बर्ड फ्लू को एवियन इन्फ्लूएंजा भी कहा जाता है। यह एक बीमारी है जो जंगली पक्षियों और मुर्गियों में फैलती है। यह वायरस एच5एन1 और एच9एन2 जैसे सब-टाइप से होता है। कभी-कभी यह बीमारी इंसानों को भी हो सकती है, लेकिन यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में आसानी से नहीं फैलती। ज्यादातर मामलों में इंसान संक्रमित जीवित या मृत मुर्गियों के संपर्क में आने से बीमार हुए हैं।

## वैश्विक समुद्री जल स्तर 1.4 मीटर तक बढ़ने का खतरा, तटीय शहरों के भविष्य पर मंडराता संकट

**नुउक , एजेंसी।** ग्रीनलैंड की सबसे विशाल बर्फीली धारा नॉर्थ ईस्ट ग्रीनलैंड आइस स्ट्रीम (एनईजीआईएस) पर महासागर की बढ़ती गर्मी का प्रभाव केवल एक क्षेत्रीय पर्यावरणीय बदलाव नहीं, बल्कि वैश्विक समुद्र-स्तर के लिए गंभीर खतरे का संकेत है। ताजा वैज्ञानिक शोध बताता है कि अतीत में भी एनईजीआईएस का तेजी से पीछे हटना मुख्य रूप से गर्म अटलांटिक महासागरीय पानी के कारण हुआ था, न कि केवल वायुमंडलीय तापमान बढ़ने से। यह समझ भविष्य के जलवायु मॉडल और समुद्र-स्तर की सटीक भविष्यवाणी के लिए निर्णायक मानी जा रही है। एनईजीआईएस ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर से निकलने वाली सबसे बड़ी आइस स्ट्रीम है। इसमें संचित बर्फ की मात्रा इतनी अधिक है कि यदि यह पूरी तरह पिघल जाए तो वैश्विक समुद्र स्तर लगभग 1.1 से 1.4 मीटर तक बढ़ सकता है। यही कारण है कि वैज्ञानिक इसे ग्रीनलैंड की बर्फीली चादर की स्थिरता का सबसे संवेदनशील और निर्णायक हिस्सा मानते हैं। इसकी हलचल सीधे-सीधे तटीय शहरों, द्वीपीय देशों और करोड़ों लोगों के भविष्य से जुड़ी है।

न्यूकैसल विश्वविद्यालय और डरहम विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में किए गए इस अध्ययन में पिछले 20,000 वर्षों के दौरान एनईजीआईएस के व्यवहार का विश्लेषण किया गया। यह अवधि अंतिम हिमयुग के अंत से लेकर आधुनिक काल तक फैली हुई है। शोध के निष्कर्ष प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिका नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित हुए हैं।

शोध के अनुसार जब गर्म अटलांटिक महासागरीय पानी इस ग्राउंडिंग लाइन तक पहुंचता है तो बर्फ नीचे से तेजी से पिघलने लगती है। इससे बर्फ की चादर कमजोर होती है और उसके टूटने या पीछे हटने की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। वैज्ञानिकों ने पाया कि लगभग 20,300 से 17,600 वर्ष पहले एनईजीआईएस का पहला बड़ा पीछे हटना इसी प्रक्रिया के कारण शुरू हुआ। उस समय वायुमंडलीय तापमान आज की तुलना में 15 से 20 डिग्री सेल्सियस कम था, यानी वातावरण बेहद ठंडा था। इसके बावजूद बर्फ का पिघलना यह साफ संकेत देता है कि उस दौर में गर्म महासागरीय पानी बर्फ के नीचे तक पहुंच चुका था।



**15,000 साल पहले टूटी बर्फ की शेल्फ :** करीब 15,000 वर्ष पहले हालात और अधिक गंभीर हो गए। गर्म अटलांटिक पानी आगे बढ़कर तैरती हुई बर्फीली शेल्फ के नीचे तक पहुंच गया। इसी समय वैश्विक स्तर पर हवा का तापमान भी तेजी से बढ़ने लगा। महासागर की गर्मी और बढ़ते वायुमंडलीय तापमान के संयुक्त प्रभाव ने बर्फ की शेल्फ को कमजोर कर दिया। नतीजतन शेल्फ टूट गई, ग्राउंडिंग लाइन अस्थिर हो गई और एनईजीआईएस ने बेहद तेजी से पीछे हटना शुरू कर दिया। यह अध्ययन ग्रीनलैंड के भूवैज्ञानिक और तलछटी रिकॉर्ड में दर्ज बर्फ की शेल्फ टूटने के शुरुआती और सबसे ठोस प्रमाणों में से एक माना जा रहा है।

**आज की स्थिति डराने वाली :** आज वैज्ञानिक फिर से वही संकेत देख रहे हैं। गर्म अटलांटिक महासागरीय पानी एक बार फिर ग्रीनलैंड की बर्फ के नीचे तक पहुंच रहा है। यह स्थिति अतीत से मिलती-जुलती है, जब बड़े पैमाने पर बर्फ पिघली थी और समुद्र-स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी। शोधकर्ताओं का मानना है कि यदि मौजूदा जलवायु परिवर्तन की गति इसी तरह बनी रही, तो एनईजीआईएस भविष्य में फिर से अस्थिर हो सकती है और समुद्र-स्तर में तेज़ वृद्धि का जोखिम वास्तविकता बन सकता है।

## अभिनेता रसेल ब्रांड पर दुष्कर्म व यौन उत्पीड़न के दो नए मामले दर्ज

**वाशिंगटन, एजेंसी।** मशहूर अभिनेता और कॉमेडियन रसेल ब्रांड के खिलाफ दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न के दो नए मामले दर्ज किए गए हैं। ब्रिटेन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि ये नए आरोप दो अन्य महिलाओं की शिकायतों पर आधारित हैं। रसेल ब्रांड पहले से ही दुष्कर्म और यौन हमले के कई आरोपों का सामना कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार, रसेल ब्रांड 20 जनवरी 2026 को इन नए आरोपों के संबंध में कोर्ट में पेश होंगे।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वैभव सूर्यवंशी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में उभरते क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को खेल में असाधारण प्रदर्शन के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। 14 साल के वैभव ने घरेलू क्रिकेट के साथ ही आईपील और अंडर-19 क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया है। वैभव ने जिस प्रकार से आक्रामक पारियां खेली है उससे उनकी तुलना महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से भी होने लगी है। प्रशसंकों का मानना है जिस प्रकार सचिन अपने कैरियर की शुरुआत में खेलते थे। वैसे ही वैभव भी खेल रहे हैं।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 5 से 18 साल के बच्चों को खेल, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान, समाज सेवा और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। इस साल कुल 20 बच्चों को इस सम्मान के लिए चुना गया था, जिनमें वैभव शामिल थे।

इस सप्ताह की शुरुआत में उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 84 गेंद में 190 रन बनाए, जिसमें 16 चौके और 15 छक्के शामिल थे। उन्होंने सिर्फ 36 गेंद में अपना शतक पूरा किया और लिस्ट ए क्रिकेट इतिहास में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए।

वह सबसे उम्र में रणजी और आईपीएल खेलने वाले बल्लेबाज हैं। वैभव को पिछले साल सबसे कम उम्र में आईपीएल अनुबंध मिला था। तब उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने 1.1 करोड़ रुपए में खरीदा था। अपने पहले आईपीएल मैच से पहले इस क्रिकेटर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंडर 19 मैच में 58 गेंदों पर ही शतक लगा दिया था। वहीं साल 2024 में अंडर-19 एशिया कप में भी उन्होंने दो अर्धशतक के साथ ही 44 की औसत से 176 रन बनाए थे। वैभव ने

आईपीएल के पहले ही मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की पहली ही गेंद पर छक्का लगाया था। तब उन्होंने 20 गेंदों में 34 रन बनाए थे। अपने पहले आईपीएल में केवल सात पारियों में 14 साल के इस खिलाड़ी ने 36.00 की औसत और 206 से ज़्यादा के स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ शतक के साथ ही वह टी20 में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाला खिलाड़ी बन गये। तब उन्होंने केवल 35 गेंदों में ही 7 चौके और 11 छक्के लगाकर शतक बनाया था। वहीं इंडिया अंडर 19 टीम के इंग्लैंड दौरे में वैभव ने 78 गेंदों में 143 रन बनाए जिसमें 13 चौके और 10 छक्के शामिल थे। ये इस टूर्नामेंट में सबसे तेज शतक था।



# विराट लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे ज्यादा औसत से रन बनाने वाले बल्लेबाज बने, बेवन का रिकार्ड तोड़ा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विजय हजारे ट्रॉफी में दिल्ली की ओर से खेल रहे अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने दूसरे दिन गुजरात के खिलाफ 77 रन की अर्धशतकीय पारी खेलकर एक और रिकार्ड अपने नाम किया है। विराट अब लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे ज्यादा औसत से रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के माइकल बेवन का रिकार्ड तोड़ा है। विराट ने 57.87 की औसत से रन बनाये जबकि बेवन ने 57.86

की औसत से बनाये थे।

विराट ने पहले मैच में आंध्र प्रदेश के खिलाफ शतक लगाया था। वहीं इस बार उन्होंने 61 गेंदों में 77 रन बनाए की पारी खेली जिसमें 13 चौके और एक छक्का शामिल था। उन्होंने ये रहन 126 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बनाये। इस पारी के बाद लिस्ट ए क्रिकेट में उनका औसत अब सबसे ज्यादा 57.87 पहुंच गय है।

वहीं सबसे अधिक औसत के मामले में तीसरे नंबर पर इंग्लैंड के सैम हैन का औसत 57.76 है। वहीं भारत के चेतेश्वर पुजारा औसत के मामले में चौथे नंबर पर हैं। उनका औसत 57.01 जबकि भारत के ही रुतुराज गायकवाड़ का औसत 56.68 है।

विराट ने इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के दौरान विराट तीन पारियों में 302 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज बने जिसमें उनका औसत 151.00 और स्ट्राइक रेट 117.05 था, जिसमें दो लगातार शतक और एक अर्धशतक शामिल था। दो बार शून्य पर आउट होने के बाद विराट ने अपनी अगली 6 पारियों में 146.00 के औसत से 584 रन बनाए।

# रिंकू सिंह ने 11 चौकों और 4 छक्कों की मदद से लगाया शतक, टी20 वर्ल्ड कप टीम में शामिल होते ही दिखाया दम



**राजकोट (एजेंसी)।** रिंकू सिंह ने विजय हजारे ट्रॉफी में शतक लगाकर साबित कर दिया कि टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारत की टीम में उनका चयन क्यों हुआ है। रिंकू ने शुक्रवार 26 दिसंबर को राजकोट में चंडीगढ़ के खिलाफ उत्तर प्रदेश के विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 मैच में फॉर्म में वापसी करते हुए 11 चौकों और 4 छक्कों की मदद से सिर्फ 56 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। द्धष्टष्ट टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए टीम में शामिल होते ही उन्होंने अपना दम दिखाया और चयन को सही साबित किया।

उत्तर प्रदेश के कप्तान रिंकू ने अपनी टीम को आगे बढ़कर लीड किया और 60 गेंदों में 106* रन बनाकर नाबाद रहे, जिससे उन्होंने चंडीगढ़ टीम से मैच पूरी तरह छीन लिया। यह रिंकू का दूसरा लिस्ट-ए शतक था। रिंकू की पारी में क्लीन हिटिंग और स्मार्ट शॉट सिलेक्शन देखने को मिला क्योंकि उन्होंने 11 चौके और चार छक्के लगाए। राजकोट में उनके रन 176.67 के शानदार स्ट्राइक रेट से आए।

मैच की बात करें तो अभिषेक गोस्वामी के सस्ते में आउट होने के बाद उत्तर प्रदेश शुरुआती मुश्किल में आ गया था। वहां से, आर्यन जुयाल और ध्रुव जुरेल ने मोर्चा संभाला और चंडीगढ़ के खिलाफ दूसरे विकेट के लिए 96 रनों की अच्छी साझेदारी करके पारी को संभाला। जुयाल ने 118 गेंदों में 7 चौकों और आठ छक्कों की मदद से शानदार 134 रन बनाए, जबकि स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज जुरेल ने 57 गेंदों में 11 चौकों की मदद से 67 रनों का योगदान दिया।

# एशेज सीरीज में बॉक्सिंग-डे टेस्ट के पहले ही दिन गिरे 20 विकेट

**–ऑस्ट्रेलिया को मिली 46 रनों की बढ़त**



**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच शुक्रवार से यहां शुरू हुए एशेज क्रिकेट सीरीज के बॉक्सिंग-डे टेस्ट मैच का पहला दिन गेंदबाजों के नाम रहा। ऑट्रेलियाई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 152 रनों पर ही सिमट गयी। इसके बाद लगा कि इंग्लैंड के पास बड़ा स्कोर बनाने का अवसर था पर वह असफल रही और अपनी पहली पारी में 110 रनों पर ही आउट हो गयी। इस प्रकार मैच में एक ही दिन में कुल 20 विकेट गिरे। इंग्लैंड की ओर से जोश टंग ने सबसे अधिक पांच विकेट लिए। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से माइकल नेसर ने चार विकेट मिले।

इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 4 रन बना लिए थे। स्कॉट बोलैंड 4 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि ट्रेविस हेड ने अपना खाता नहीं खोला था। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के आधार पर 42 रनों की बढ़ मिली थी। इस प्रकार दिन के अंत में उनकी बढ़त 46 पर पहुंच गयी।

इससे पहले आज सुबह इंग्लैंड ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। माइकल नेसर ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए, जबकि उस्मान ख्वाजा ने 29 और एलेक्स कैरी ने 20 रन बनाये। टीम के पांच बल्लेबाज ही दो अंकों तक पहुंच पाये। इंग्लैंड की आरे से जोश टंग से सबसे अधिक 5 विकेट लिए जबकि गस एटकिंसन को 2 विकेट मिले, ब्रायडन कार्स और कप्तान बेन स्टोक्स ने 1-1 विकेट लिया।पहली पारी में टीम 45.2 ओवर में ही 152 रन पर ढेर हो गई। कंगारू टीम का एक भी बल्लेबाज अर्धशतक नहीं जमा सका। इंग्लैंड की तरफ से टंग ने अपने टेस्ट करियर में पहली बार एक पारी में पांच विकेट लिए। उन्होंने जैक वेदराल्ड 10, मार्नस लाबुशेन 6, स्टीव स्मिथ 9, माइकल नेसर 35 और स्कॉट बोलैंड 0 का विकेट लिया। वहीं गस एटकिंसन ने दो विकेट लिए। ब्रायडन कार्स और बेन स्टोक्स को एक-एक विकेट मिला।

इसके बाद इंग्लैंड के बड़ा स्कोर बनाने के सपने को ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क और माइकल नेसर की जोड़ी ने तोड़ दिया। टीम ने 16 रनों के अंदर ही चार विकेट खो दिये।

स्टार्क ने जैक क्रॉली को 5 और बेन डकेट को 2 जबकि नेसर ने जैकब बेथेल 1) और स्टार बल्लेबाज जो रूट को खाता खोले बिना ही पेवेलिन भेज दिया। । सबसे अधिक 41 रन हैरी ब्रूक ने बनाये।

इंग्लैंड की पूरी टीम 29.5 ओवर में ही 110 रन पर पेवेलिन लौट गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से माइकल नेसर ने 10 ओवर में एक मेडन सहित 45 रन देकर चार विकेट लिए। स्कॉट बोलैंड को तीन विकेट मिले जबकि मिचेल स्टार्क ने दो विकेट लिए। इस मैच में मेजबान टीम की कप्तान स्मिथ कर रहे हैं क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस टीम से बाहर हैं। वहीं स्पिनर नाथन लायन भी फिट नहीं होने के कारण टीम से बाहर हैं। इंग्लैंड ने जोफ्रा आर्चर की जगह गस एटकिंसन को शामिल किया है।

# अमित मिश्रा ने बताया प्लेऑफ में पहुंच सकती हैं ये चार टीमें



नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर अमित मिश्रा ने कहा है कि कोलकाता नाइटराइडर्स, मुंबई इंडियंस, सनराइजर्स हैदराबाद और डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल 2026 के प्ले ऑफ में पहुंच सकती हैं। इस पूर्व स्पिनर के अनुसार गुजरात टाइटंस को भी खिताबी दौड़ में कमजोर नहीं माना जा सकता है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, केकेआर, एमआई, एसआरएच, आरसीबी और जीटी। मेरे ख?याल से इन पांच में से कोई चार टीमें प्लेऑफ में पहुंचेगी। वहीं अमित ने चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को खिताबी दावेदार नहीं माना है जिससे सभी को हैरानी हुई है। सीएसके पांच बार की विवेता रही है। मुंबई इंडियंस और आरसीबी ने नीलामी से पहले ही पसंदीदा खिलाड़ियों का रिटेन कर अपनी टीम मजबूत की है। वहीं अन्य टीमों ने मिनी नीलामी के जरिये टीम की ताकत बढ़ायी है। केकेआर ने कैमरन ग्रीन को रिकॉर्ड 25.2 करोड़ रुपये में खरीदा जबकि सनराइजर्स ने लियाम लिविंगस्टन को 13 करोड़ रुपये में खरीदा। आईपीएल 2026 की शुरुआत 26 मार्च से होगी और फाइनल मुकाबला 31 मई को खेला जाएगा

# वेंकटेश अय्यर के लिए आरसीबी की प्लेइंग 11 में जगह बनाना मुश्किल : पूर्व कप्तान



नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) की मिनी नीलामी में वेंकटेश अय्यर के लिए 7 करोड़ रुपए खर्च किए लेकिन पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि इस आकर्षक टी20 लीग के शुरुआती चरण में इस तेज गेंदबाजी हरफनमौला को एकादश में जगह मिलना मुश्किल होगा। मौजूदा चैंपियन RCB ने इस महीने की शुरुआत में नीलामी में अय्यर की पूर्व टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को पीछे छोड़कर इस खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ा था। फेंचाइजी ने 16 दिसंबर को अबू धाबी में हुई नीलामी में अय्यर, जैकब डफी और मंगेश यादव समेत कई खिलाड़ियों को खरीदकर अपनी टीम को और मजबूत किया। 'जियोस्टार' के विशेषज्ञ कुंबले ने कहा, 'वेंकटेश अय्यर के लिए शुरुआती एकादश में जगह बनाना मुश्किल होगा। आप जीतने वाली टीम में संदेह पैदा नहीं करना चाहते। इसी सोच के चलते फेंचाइजी ने रवि बिश्नोई पर बोली नहीं लगाई ताकि सुयश शर्मा को किसी अनुभवी भारतीय स्पिनर से खतरा महसूस न हो।' उन्होंने कहा, 'RCB को लगा था कि अय्यर को कोई और फेंचाइजी अधिक बोली लगाकर खरीद लेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ, इसलिए वे वेंकटेश अय्यर को पाकर खुश हैं।' कुंबले की कप्तानी में आरसीबी 2009 सत्र का उपविजेता बना था। वह 2011 में इस टीम के मुख्य कोच बने थे। इस अनुभवी खिलाड़ी ने कहा कि फेंचाइजी ने आईपीएल विजेता टीम के मूल खिलाड़ियों को बरकरार रखकर अच्छा काम किया है।

# चोपड़ा ने टी20 विश्वकप की अपनी पसंदीदा टीम में भी शुभमन को नहीं किया शामिल

**–श्रेयस को कप्तान बनाया**

**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने अगले साल की शुरुआत में होने वाले आईसीसी टी20 विश्वकप के लिए अपनी पसंदीदा टीम चुनी है। चोपड़ा की इस टीम में श्रेयस अय्यर को कप्तान बनाया गया है पर अनुभवी बल्लेबाज शुभमन गिल को शामिल नहीं किया गया है। इससे पहले टी20 विश्वकप के लिए जो भारतीय टीम घोषित की गयी थी उसमें भी शुभमन को जगह नहीं मिली थी। वहीं अब चोपड़ा ने उन 15 खिलाड़ियों को शामिल किया, जो विश्व के लिए चुने जाने के दावेदार थे, पर उन्हें जगह नहीं मिली थी। दोनो ही टीमों में जगह नहीं मिलने से साफ है कि अभी शुभमन को शीर्ष टॉप-30 टी20 खिलाड़ियों में भी जगह नहीं मिली है।

पसंदीदा टीम घोषित करने के बाद चोपड़ा ने कहा कि शुभमन को इसलिए जगह नहीं दी है क्योंकि उन्हें टीम के लिए किसी एंकर की जरूरत नहीं थी। इस पूर्व बल्लेबाल ने कहा, हमने उन्हें टेस्ट और एकदिवसीय क्रिकेट के लिए छोड़ दिया है। इस समय जो माहौल बनाया गया है, उसके अनुसार ही हमने उन्हें नहीं जगह दी है जबकि कहा जा रहा है कि हमें उन्हें लेना चाहिए था। कई लोग कहते हैं कि मैं शुभमन का समर्थन करता रहा हूं। इस बार तो मैंने भी उन्हें जगह नहीं दी है। वहीं विश्वकप के लिए चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने कहा कि शुभमन की योग्यता पर कोई सवाल नहीं है पर इस समय टीम को किसी बल्लेबाज की नहीं बल्कि एक बैकअप विकेटकीपर की जरूरत थी। गौरतलब है कि भारतीय टीम टी20 विश्वकप में सैमसन और अभिषेक को सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतार सकती है जबकि ईशान किशन को रिजर्व खिलाड़ी रखा गया है।



शुभमन की जगह पर चोपड़ा ने भी यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ को पारी की शुरुआत के लिए रखा है। वहीं विकेटकीपर के तौर पर ऋषभ पंत और जितेश शर्मा को शामिल किया है। केएल राहुल रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर रखे गये हैं। चोपड़ा ने साफ किया कि राहुल उनकी अंतिम ग्यारह में नहीं रहेंगे। चोपड़ा ने तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और क्रुणाल पांड्या को भी दल में शामिल किया है। चोपड़ा ने आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए इन दोनों को शामिल किया है।

**चोपड़ा की टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय पसंदीदा टीम**

मुख्य खिलाड़ीः श्रेयस अय्यर (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़, ऋषभ पंत, जितेश शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, क्रुणाल पंड्या, दीपक चाहर, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद सिराज और भुवनेश्वर कुमार।

बेंचः मोहम्मद शमी, केएल राहुल, विप्रज निगम, शशांक सिंह।

# पहली बार आईपीएल खेलने को लेकर उत्साहित हैं मंगेश



नई दिल्ली । पहली बार आईपीएल खेलने जा रहे मध्यप्रदेश के बांए हाथ के युवा तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर मंगेश यादव बेहद उत्साहित है। मंगेश ने कहा कि मिनी नीलामी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरबीसी) ने जब उन्हें 5.2 करोड़ रुपए में खरीदा तो उन्हें इसका भरोसा नहीं हुआ। ये उनके लिए किसी सपने के सच होने के समान है। मंगेश के अनुसार चार फ्रेंचाइजियों के बोली लगाने से भी वह हैरान थे। मंगेश 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। आरसीबी में वह तेज गेंदबाज यश दयाल की जगह शामिल किये गये हैं। इस युवा तेज गेंदबाज ने कहा है कि उन्हें अपने राज्य के अनुभवी खिलाड़ियों से जो सलाह मिली उससे भी उससे लाभ मिला है। इस क्रिकेटर ने कहा कि मुझे सीनियर क्रिकेटरों रजत पाटीदार, वेंकटेश अय्यर और आनंद राजन से भी सहयोग मिला है। आईपीएल में सफलता के उत्साह के बाद भी मंगेश का माना है कि घरेलू क्रिकेट सबसे अहम है और उसकी पर उनका ध्यान रहेगा। साथ ही कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता विजय हजारे ट्रॉफी में मध्य प्रदेश की ओर से अच्छा प्रदर्शन करना है।

# इरफान पठान ने सुपर जायंटस की बल्लेबाजी को कमजोर बताया



मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने आईपीएल 2026 के लिए की लखनऊ सुपर जायंटस की बल्लेबाजी को कमजोर बताया है। पठान ने कहा कि जिस प्रकार से टीम ने मिनी नीलामी में खरीददारी की है। उसमें भी उसने गेंदबाजी पर ही जोर दिया। इससे उसके पास अच्छे गेंदबाज तो काफी हो गये हैं पर अच्छे बल्लेबाजों की उसे कमी है। की जरूरत है। पठान ने कहा टीम के पासा एनरिक नॉर्टजे जैसा तेज गेंदबाज और वानिन्दु हसरंगा जैस स्पिनर है। उसके पास तेज गेंदबाजी सहित सभी क्षेतों में अच्छे विकल्प हैं पर बल्लेबाजों की कमी नजर आती है। पठान ने कहा, आयुष बडोनी और अब्दुल समद के अलावा उसे एक और अच्छे बल्लेबाज की जरुरत है। मुझे उम्मीद थी कि वह लिविंगस्टोन जैसे किसी खिलाड़ी को खरीदेगा पर ऐसा नहीं हुआ। कुल मिलाकर टीम को अभी भी कम से कम पांच अच्छे स्तर के बल्लेबाज चाहिये। उन्होंने स्ट्रेलियाई विकेटकीपर जोश इंग्लिस को 8.6 करोड़ रुपए में खरीदने पर भी सवाल उठाते हुए कह कि उसे केवल चार आईपीएल मैचों के लिए खरीदना फायदेमंद नहीं है। हैं। वहीं पूर्व बल्लेबाज अभिनव मुकुंद ने कहा, अगर आप सुपरजायंटस के बल्लेबाजी क्रम को देखें तो वह भी सनराइजर्स की ही तरह ही आक्रामक हैं पर उसके बल्लेबाज लंब पारियां नहीं खेल सकते। इंग्लिस अगर पूरे सत्र के लिए उपलब्ध होते तो भी फायदेमंद नहीं रहते। इसका कारण है कि वह शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी के लिए नहीं रखे गये हैं। अब्दुल समद, आयुष बडोनी, एडेन मार्करम, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, हिम्मत सिंह, ऋषभ पंत (कप्तान), निकोलस पूरन, मिशेल मार्श, शाहबाज अहमद, अर्शिन कुलकर्णी, मयंक यादव, अवेश खान, मोहसिन खान, मणिमारन सिद्धार्थ, दिगवेश राठी, प्रिंस यादव, आकाश सिंह।

# हॉकी इंडिया लीग के बाद विश्वकप में बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा लक्ष्य हरमनप्रीत



चेन्नई । भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि टीम का लक्ष्य विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करना है। । हरमनप्रीत ने कहा कि हॉकी इंडिया लीग के बाद टीम विश्व कप की तैयारी करेगी। हरमनप्रीत सिंह ने कहा, पिछले दो ओलंपिक में हमने कांस्य पदक जीते हैं जिससे विश्वकप में हम बढ़े हुए मनोबल से उतरेंगे। हॉ लीग के बाद हमारे पास विश्व कप की तैयारी के लिए पर्याप्त समय रहेगा। हॉकी इंडिया लीग 3 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक खेली जाएगी। लीग की शुरुआत 3 जनवरी को चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में तमिलनाडु ड्रैगन्स बनाम हैदराबाद तूफान्स मुकाबले से होगी। इस लीग में कुल आठ टीमें शामिल होंगी जिसमें तमिलनाडु ड्रैगन्स, हैदराबाद तूफान्स, जेएसडब्यू सूरमा हॉकी क्लब, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स (डिफेंडिंग चैंपियन), वेदांता कलिंगा लांसर्स, रांची रॉयल्स, एसजी पाइपर्स और एचआईएल गवर्निंग काउंसिल हैं। लीग सिंगल राउंड–रॉबिन फॉर्मेट में होगी, जिसमें शीर्ष चार टीमें प्लेऑफ में पहुंचेंगी। इसमें 23 और 25 जनवरी को क्वालीफायर मुकाबले के बाद 26 जनवरी को भुवनेश्वर में फाइनल खेला जाएगा।

# सूरज शर्मा ने जीते सीनियर और जूनियर 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल राष्ट्रीय खिताब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के सूरज शर्मा ने शुक्रवार को 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल (RFP) पुरुष वर्ग में सीनियर और जूनियर दोनों राष्ट्रीय खिताब अपने नाम किए। डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित इस प्रतियोगिता में सूरज ने पहले जूनियर फाइनल में 30 हिट्स के साथ स्वर्ण पदक जीता और बाद में सीनियर फाइनल में भी दबदबे के साथ खेलते हुए 31 हिट्स के साथ दूसरा खिताब हासिल किया।

सीनियर फाइनल में सूरज ने दमदार शुरुआत करते हुए अपने पहले 20 में से 19 निशाने साधे और कुल 31 हिट्स के साथ मुकाबला समाप्त किया। वह पंजाब के डिफेंडिंग चैंपियन विजयवीर सिद्धू से तीन हिट्स आगे रहे, जिन्हें 28 हिट्स के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। राजस्थान के भावेश शेखावत ने 24 हिट्स के साथ कांस्य पदक जीता। अंकुर गोयल 14 हिट्स के साथ चौथे स्थान पर रहे। उन्हें आंध्र प्रदेश के मुकेश नेलावल्ली के खिलाफ लगातार तीन शूट-ऑफ खेलने पड़े, जिसके बाद मुकेश 12 हिट्स के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

हरियाणा के आदर्श सिंह ने पांच हिट्स के साथ छठा स्थान हासिल किया। क्वालिफिकेशन राउंड में अंकुर गोयल ने 582-203 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था। विजयवीर सिद्धू 580-183 के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि आदर्श सिंह ने 579-223 के साथ तीसरा स्थान पाया। मुकेश नेलावल्ली 579-173 के साथ चौथे स्थान पर रहे। बाद में स्वर्ण पदक जीतने वाले सूरज शर्मा ने 579-123 के साथ पांचवें स्थान पर क्वालिफाई किया था, जबकि भावेश शेखावत ने 577-223 के साथ शीर्ष छह में जगह बनाई।

जूनियर पुरुष आरएफपी फाइनल में भी सूरज शर्मा ने संयमित प्रदर्शन करते हुए 30 हिट्स के साथ स्वर्ण पदक जीता। मुकेश नेलावल्ली ने 25 हिट्स के साथ रजत पदक हासिल किया। हरियाणा के जतिन ने शूट-ऑफ के बाद 22 हिट्स के साथ कांस्य पदक जीता। समीर 17 हिट्स के साथ चौथे, भाव्या शर्मा आठ हिट्स के साथ पांचवें और अभिनव चौधरी छह हिट्स के साथ छठे स्थान पर रहे। सीनियर टीम स्पर्धा में पंजाब ने 1725 के कुल स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। टीम में विजयवीर सिद्धू, उधयवीर सिद्धू और राजकंवर सिंह संधू शामिल थे।

हरियाणा ने 1722 के स्कोर के साथ रजत पदक हासिल किया जबकि नेवी ने 1711 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। जूनियर टीम वर्ग में हरियाणा ने 1705 के कुल स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। मध्य प्रदेश ने 1689 के साथ रजत और नेवी ने 1667 के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिताएं शनिवार, 27 दिसंबर 2025 को भोपाल स्थित एमपी स्टेट शूटिंग अकादमी में जारी रहेंगी, जहां 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस महिला फाइनल आयोजित किए जाएंगे। दिन का पहला फाइनल सुबह 9ः00 बजे शुरू होगा।





# बीजों का सुरक्षित भण्डारण

पिंकी शर्माए पूनम यादव
पादप व्याधि विभाग, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर-303329

कृषि में उन्नत बीज का स्थान सर्वोपरि है क्योंकि उन्नत खेती को नीव एक अच्छे बीज पर ही आधारित है अतः बीजों का उचित भण्डारण बहुत जरूरी है। बीज पैदा करके उसे बोने तक भण्डारण का महत्वपूर्ण स्थान है। भण्डारित किये गये बीजों में ज्यादात्तर नुकसान कीटों द्वारा ही होता है। इसके अलावा चूहें, चिड़िया, दीमक एवं फफूंद आदि द्वारा भी नुकसान होता है। बीजों में कीट पैदा होने से बीजों की अंकुरण क्षमता, ओज एवं गुणवत्ता पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है। इससे खराब बीज न तो बाने`लाइक और न ही खाने लाइक रहता है। इसलिए बीजों का भण्डारण पूरी सावधानी एवं देखरेख के साथ करनी चाहिए।

## भण्डारित बीजों का नुकसान निम्न कारकों पर निर्भर करता है

*1. बीज में अधिक आर्द्रता का होना।*
*2. खेत से ही सक्रमणित बीजों का भण्डारण*
*3. कीटों द्वारा संक्रंमणित भण्डारण*
*4. भण्डारण के दौरान ताप एवं नमी में वृद्धि*
*5. भण्डारण में ऑक्सीजन की उपलब्धता*



हमारे देष में अधिकतर किसान बीज स्वयं भण्डारित करते है और उनमें से अधिकतमर बीजों का नुकसान कीटों से होता है। इन भण्डारित कीटों (खपरा, सुरसुरी, घून, पंतगा, तीली आदि) को लगभग सभी किसान जानते है परन्तु इन कीटों के प्रकोप से बचने के लिए उचित भण्डारण एवं नियन्त्रण पर ध्यान देकर होने वाले भौतिक नुकसान के साथ-साथ बीज की अकुंरण क्षमता एवं ओज को भी बरकरार रख सकते हे।

बीजों में लगने वाले प्रमुख कीटः-

भण्डारण के दौरान कीटों की लगभग चार दर्जन प्रजातियॉ बीजों को नुकसान पहुंचाती है। जिनमें से 10-15 प्रजातियॉ ज्यादा महत्वपूर्ण है। विभिन्न प्रकार के कीटों द्वारा विभिन्न प्रकार बीजों का नुकसान किया जाता है जिनमें से कुछ दानों को बाहर से खाते है। एवं कुछ अन्दर रहकर खाते हैं, जिनमें से प्रमुख कीट निम्नलिखित है।

1. टनाज की फसलों के बीजः- सूंड वाली सुरसुरी (सिटोफिलस, ओरायजी), चावल की सुरसुरी (ओराइजीफिलस सुरी नामेनसिस), गोदाम का पंतगा (कैडरा कॉटेला), मक्का का पंतगा (कोरसाइरा सिफैलोनिका), आटे का कीट (ट्राइबोलियम कैस्टेनियम), एवं खपरा बीटल (ट्रोगोडरमा ग्रेनेरियम)
2. दलहनी फसलों के बीजः- ढोरा (चार प्रजातियॉ- कैलोसोब्रुकस मैकुलेटस, कै. चाइनेनसिस, कै. एनालिए एवं ब्रुकस पाइसोरम घुन (राइजोपरथा डोमिनिका), खपरा बीटल (ट्रोगोडरमा ग्रेनेरियम), चावल पंतगा (कोरसाइरा सिफैलेनिका), एवं गोदाम का पंतगा (केडरा कॉटेला) समय छाया में सुखाकर बोरों या थैलियों में भरकर भण्डारित करना चाहिए।
3. बीजों में उचित नमीः- बीजों को भण्डारित करने से पूर्व यह जॉच कर ले कि बीजों में सामान्यतः 10 प्रतिषत से अधिक नमी न हो, लेकिन मूॅगफली एवं सरसों में 7 प्रतिषत एवं धान में 12 प्रतिषत एवं अरण्डी में 8 प्रतिषत से अधिक नमी नही होनी चाहिए।
4. भण्डारण कक्ष/पात्र को कीट मुक्त करनाः- बीजों को जिस किसी कक्ष या पात्र में भण्डारित करना हो उसे भण्डारण पूर्व कीट मुक्त करना चाहिए। यदि भण्डारण कमरे या गोदाम में करना है तो उसे अच्छी तरह साफ करके मैलाथियान, क्लोरोपाइरीफॉस की 1 लीटर मात्रा 100 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिए। यदि बीज को मटके में भण्डारित करना हो तो मटके के अन्दर व बाहर 10 मि.ली. मैलाथियान का छिड़काव करें।
5. बीज भण्डारण के पश्चात् बीजों कें नमी की वृद्धि रोकना एवं प्रघूमन करनाः- बीज भरे बोरों या थैलियों को लकड़ी के तख्ते या पॉलीथीन चादर या बॉस की चटाई पर रखना चाहिए ताकि उनमें नमी का प्रवेष न हो।। वर्षा ऋतु में भण्डारगृह में भण्डारित बीज होने के कारण कीटनाषी द्वारा उपचारित नही किया गया तो खेत से आये कीटों को नष्ट करने हेतु बीज को एल्युमिनियम फॉसफाइड से 6-9 ग्राम मात्रा प्रति टन बीज के हिसाब से प्रधूमित करना चाहिए।
6. कीट प्रकोप पर निगरानी एवं कीटनाषी का छिड़कावः- भण्डार कक्ष को प्रत्येक 15 दिन में एक बार जरूर देखना चाहिए ताकि बीज में कीट या फर्श पर कोई जीवित कीट दिर्खइा देने पर समय पर आवष्यकतानुसार कीटनाषी का छिड़काव या प्रधूमन किया जा सकें। सामान्यतः भण्डार कक्ष एवं बोरों पर 15 दिन के अन्तराल पर मैलाथियान, क्लोरोपाइरीफॉस की 1 लीटर मात्रा 100 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करना चाहिए। बीज भण्डारण में प्रधूमन द्वारा कीटों से बचाव छिड़काव की अपेक्षा अधिक लाभकारी हैं इसलिए प्रधुमन का ही अधिकतम प्रयोग करें।

## सावधानियॉ

1. बीजोपचार करते समय कीटनाषी को खुले हाथों से न छुए बल्कि किसी ड्रम में डालकर हिलाकर उपचारित करें।
2. उपचारित बोरियों या थेलियों पर स्पष्ट लिखा होना चाहिए।
3. कीटनाषी बच्चों की पहुॅच से दूर रखनी चाहिए।
4. कीटनाषकों का छिड़काव बदल-बदलकर करें।
5. प्रधुमन सदैव प्रभिक्षित व्यक्ति द्वारा ही करवायो।

# गोभीवर्गीय में पोषक तत्वों की आवश्यकता

**भूरापन या ब्राउनिंग** - यह समस्या गोभीवर्गीय फसलों में बोरान की कमी से होता है।

**लक्षण** - भूरापन में शुरूआत में फूल में जल अवशोषित धब्बे पड़ जाते हैं, जो कि बाद में बड़े हो जाते हैं। इसके बाद तने में भी जल अवशोषित धब्बे पड़ते हैं तथा तना अंदर से खोखला हो जाता है। यदि भूरापन का प्रकोप ज्यादा होता है तो पूरा फूल में कुछ दिन बाद गुलाबी या भूरे रंग के धब्बे पड़ जाते हैं।

**उपचार** - बोरान की कमी को दूर करने के लिये 10-15 किलो बोरेक्स प्रति हेक्टर भूमि में पौध रोपण के समय देना चाहिए अथवा जब फसल खड़ी हो 0.1 प्रतिशत बोरेक्स घोल का छिड़काव करना चाहिए प्रथम छिड़काव पौध रोपण के दो सप्ताह पश्चात और दूसरा छिड़काव फूल बनने से दो सप्ताह पहले करना चाहिए।

**व्हिपटेल** - यह लक्षण गोभीवर्गीय फसलों में मालीब्डिनम नामक तत्व की कमी के कारण होता है।

**लक्षण** - मुख्यतः मालीब्डिनम की कमी अम्लीय भूमि में हो जाती है अर्थात् मालीब्डिनम अनुपलब्ध रूप से हो जाता है, जिससे पौधे इस तत्व का अवशोषण नहीं कर पाते और व्हिपटेल के लक्षण दिखाई देते है, इसमें शुरूआत में पौधे की वृद्धि रुक जाती है और पत्तियाँ सिकुड़ कर सफेद पड़ने लगती हैं तथा कुछ दिन बाद पत्तियां अपना आकार खो देती हैं और मिडरिब के अलावा शेष भाग सूख जाता है, जिसके कारण इसे सामान्यतः व्हिपटेल कहा जाता है।

**उपचार** - मालीब्डिनम की कमी को दूर करने के लिए अम्लीयता कम करने के उद्देश्य से 50-70 क्विंटल बुझा चूना प्रति हेक्टर खेत की तैयारी के समय भूमि में मिला देना चाहिए। इसके साथ ही पौध रोपण के पहले 2.5 से 5 किलो सोडियम मालीब्डेट प्रति हेक्टर भूमि में मिला देना चाहिए अथवा खड़ी फसल में 0.05ज सोडियम मालीब्डिट घोल का पौधों पर छिड़काव करना चाहिए।



**बटनिंग** - बटनिंग की समस्या गोभी वर्गीय फसलों के कई कारणों से होती है जैसे अधिक उम्र के रोप के कारण, नाइट्रोजन की कमी के कारण या समय के अनुसार उचित किस्मों को ना लगाने से ऐसा होता है।

**लक्षण** - फूलों का विकसित ना होकर छोटा रह जाना बटनिंग कहलाता है। इसमें फूलों का आकार छोटा हो जाता है तथा कम विकसित पत्तियाँ होती हैं।

**उपचार** - बटनिंग को रोकने के लिये अगेती या पिछेती किस्में अनुशंसित समय पर ही लगाएं, पौधे की वृद्धि चाहे वह नर्सरी में हो या खेत में नहीं रूकनी चाहिए। अधिक सिंचाई न करें। जो पौधा नर्सरी में अधिक दिन के हो उन्हें खेत में न लगाएं और नाइट्रोजन की उचित मात्रा पौधों को समय-समय पर दें।

**रेसीयनेस** - रेसीयनेस के लक्षण मुख्यतः वातावरण में अनुकूल तापमान की कमी, अधिक नाइट्रोजन देने के कारण तथा अधिक आर्द्रता के कारण होती हैं।

**लक्षण** - समय से पूर्व अविकसित कली को रेसीयनेस कहते हैं। इसमें फूल की ऊपरी सतह ढीली पड़ जाती है तथा सफेद छोटी कलिका बन जाती है।

**उपचार** - रेसीयनेस से उपचार के लिये उचित किस्म का चयन करें, समय पर पौधों की रोपाई करें, नाइट्रोजन की उचित मात्रा का प्रयोग करें तथा प्रतिरोधी किस्मों का चयन करें।

# बगीचों की स्थापना व प्रबंधन

### नवीन उद्यान का विन्यास (लेआउट) कैसे करें-


नवीन उद्यान का विन्यास (रेखांकन) एक बहुत तकनीकी एवं महत्वपूर्ण क्रिया है। सर्वप्रथम क्षेत्रफल नाप लिया जाये तथा उसका क्षेत्रफल ज्ञात करें फिर चयनित फल एवं उसकी प्रजाति के आधार पर निर्धारित करें कि कतार से कतार एवं पौधे से पौधे की दूरी निर्धारित करें। उद्यान रेखांकन करते समय निम्नलिखित उद्यान स्थल निर्धारित करें-



- सड़क एवं मार्ग
- फार्म हाउस (कार्यालय, भंडार, निवास) के लिए स्थल
- सिंचाई पद्धति के लिये पम्प हाउस, नलकूप, कुआं, फार्म पॉंड का स्थान निर्धारित करें। आजकल ड्रिप एवं फव्वारा सिंचाई प्रचलित है। अतः उसके रेखांकन के लिये स्थल निर्धारित करें।
- जल निकास हेतु नाली आदि निर्माण हेतु स्थल
- पौधों को लगाने का स्थल
- फार्म पर कम्पोस्ट, नाडेप, केंचुआ खाद आदि का स्थल
- बगीचे के लिये स्वयं की रोपणी हेतु भी स्थल निर्धारित करें।

**नवीन बगीचे के लिये प्रारंभिक तैयारियां** - स्थल निर्धारण के पश्चात भूमि की सप्लाई, सर्वेक्षण, मिट्टी परीक्षण, समतलीकरण, मिट्टी की जुताई, बगीचे के चारों ओर बागड़-तार, पत्थर की दीवार, वायु अवरोध लगाएं.

**फल पौध रोपण** - फल पौध रोपण की प्रचलित पद्धतियां निम्न प्रकार की है - **वर्गाकार पद्धति** - वृक्ष की आवश्यकता के अनुसार वर्ग का आकार रखा जाता है। इस पद्धति में पौधे वर्ग के कोने पर लगाए जाते हैं।





**आयताकार**- इस पद्धति में कतार से कतार की दूरी तथा पौधों की दूरी निर्धारित की जाती है॥

त्रिभुजाकार या षटभुजाकार पद्धति।

**पंचवृक्षीया गौपूरक पद्धति**- यह वर्गाकार की परिवर्तित पद्धति है इसके वर्ग के मध्य से एक और पौधा बनाया जाता है।आजकल संकर प्रजातियां आम में विकसित की गयी है उन्हें कम दूरी पर बनाया जाता। इसके अतिरिक्त हाईडेन्सिटी पद्धति से रोपण ऊंचाई के आधार पर किया जाता है।

**कंटूर के आधार पर रोपण** - ऊंची-नीची एवं ढाल भूमि में समोच्च (कन्टूर) के आधार पर रोपण किया जाता है।

**पौधों की दूरी निर्धारित करना एवं वृक्षों की वृद्धि को ध्यान में रखकर पौध रोपण के लिये गड्ढों का खोदना** - यह एक महत्वपूर्ण कार्य है। भूमि में मिट्टी की गहराई को ध्यान में रखते हुए फल चयन करें तथा उसकी भावी वृद्धि एवं विकास को ध्यान में रखते हुए रोपण के लिए गड्ढे वर्गाकार पद्धति से या मिट्टी आकार द्वारा खोदें।

### रोपण के लिये पौधों का चयन

- पौधे जो वानस्पतिक तरीके या टिशू कल्चर अथवा बीज से तैयार हो उनकी पूरी विश्वसनीयता की जानकारी प्राप्त करके ही लें। उनकी पे डिग्री ज्ञात कर लें. जब तक शासकीय/ पंजीकृत रोपणी से ही पौधे लें तथा पौधों पर टैग लगा हो।
- प्रत्येक पौधे को देखें कि उसकी जूटी जिसमें पौधों की जड़ पंकी हो वह सही हो। ग्राफ्ट की जड़े सायन एवं रूट स्टाक की मोटाई बराबर हो तथा सही तरीके से जुड़ी हों।
- पौधे की बीमारी आदि से ग्रसित न हों। उनकी आयु आदि ज्ञात कर लें।
- जो पौधे चाहे ग्राफ्ट हो,गूटी कलम आदि जैसे भी हो उन्हें भली-भांति परख लें तथा एक सप्ताह तक क्यारी में उतार कर रखें। जो पौधे सही तरह के स्वस्थ हों उन्हें ही लगायें।
- पौधे लगाते समय पौधा गड्ढे के बीज में सीधा लगाया जाये। जड़ को दोनों हाथों से ढीला बांध भली-भांति गड्ढे की मिट्टी के साथ दवाएं जिससे वह भली-भांति स्थिर हो जावे सिंचाई करें। रोपण क्रिया जुलाई, अगस्त, सितम्बर या फरवरी मार्च में लगायें। उसकी सुरक्षा करें तथा कुछ पौधे पृथक रखें जिससे मृदा पौधों के स्थान पर रोपण करें।

**फल देने वाले बगीचों का प्रबंधन**- जो पौधे फलन स्थिति या किशोर अवस्था में हो उनकी देखभाल एवं वांछित औद्योगिक क्रियाएं क्षेत्र के लिये अनुशंसित विधि से करें। जैसे- कांटछांट का कृन्तन क्रिया कृषि क्रियाएं अनुशंसित खाद एवं उर्वरक निर्धारित मात्रा में डालें, तने को पानी के सम्पर्क में सीधे न आने दें इसलिये उनकी आयु के अनुसार मिट्टी जड़ के ऊपर लगाये, समय पर सिंचाई, निंदाई तथा पौध संरक्षण उपाय करें। फलों की तुड़ाई करें। आम के वृक्षों पर माम फोर्मेशन हो उसे काटकर पृथक करें। जिन पौधों के तने कमजोर हो उन्हें सहारा दें। पौधे के मूल वृन्द से निकलने वाली शाखाओं को काट दें। पौधोंको सही आकार देने के लिए कटाई, छंटाई जरूरी है।

# सलमान खान के साथ नजर आए एमएस धोनी और एपी ढिल्लो





बॉलीवुड, क्रिकेट और म्यूजिक- तीनों दुनियाओं के दिग्गज जब एक ही फ्रेम में नजर आ जाएं, तो फैंस का एक्साइटेड होना लाजमी है। कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जब हाल ही में एक थ्रोबैक तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई, जिसमें सलमान खान, महेंद्र सिंह धोनी और मशहूर सिंगर एपी ढिल्लों एक साथ नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर सलमान खान के पनवेल फार्महाउस की है और इसे उनके जीजा अतुल अग्निहोत्री ने शेयर किया है। सलमान, धोनी और एपी की थ्रोबैक तस्वीर यह खास तस्वीर सलमान खान के 60वें जन्मदिन से पहले शेयर की गई, जिसने फैंस के बीच जबरदस्त हलचल मचा दी। फोटो में तीनों सितारे पूरी तरह कीचड़ से सने हुए दिखाई दे रहे हैं, लेकिन उनके चेहरे पर मुस्कान और बॉन्डिंग साफ झलक रही है। बताया जा रहा है कि यह तस्वीर एक ऑल-टेरेन व्हीकल (ATV) राइड के बाद की है, जिसमें तीनों ने फार्महाउस में जमकर मस्ती करने के बाद एक साथ पोज दिया। तस्वीर में सलमान खान दाईं ओर खड़े नजर आते हैं, जबकि बाईं ओर भारतीय क्रिकेट के सबसे सफल कप्तानों में शुमार एमएस धोनी दिखाई देते हैं। बीच में पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के सुपरस्टार एपी ढिल्लों हैं। सलमान के कई दोस्त अब तक आ चुके नजर पनवेल स्थित सलमान खान का फार्महाउस लंबे समय से उनके करीबी दोस्तों और परिवार के लिए सुकून भरी जगह रहा है। यहां अक्सर निजी गेट-टुगेदर, बर्थडे सेलिब्रेशन और दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने की तस्वीरें सामने आती रहती हैं। हालांकि, इस बार की खासियत यह रही कि इस फ्रेम में सिनेमा, खेल और म्यूजिक- तीनों फील्ड के बड़े नाम एक साथ नजर आए। फैंस ने तस्वीर पर लुटाया प्यार अतुल अग्निहोत्री द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर की गई इस तस्वीर पर फैंस ने जमकर प्यार लुटाया। कई यूजर्स ने इन तीनों दिग्गजों को देखने के बाद कमेंट्स किए। एक यूजर ने लिखा, 'सलमान खान और एमएस धोनी एक साथ- ये फ्रेम ही इतिहास है।' वहीं दूसरे फैन ने कहा, 'कीचड़ में भी भाईजान, माही और एपी ढिल्लों सुपरस्टार ही लग रहे हैं।'

# 'मिजार्पुरः द फिल्म' की शूटिंग जोरों पर, अली फजल ने राजस्थान को कहा 'दिल से शुक्रिया'




लोकप्रिय वेब सीरीज 'मिजार्पुर' ने पहले सीजन से ही दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। यही वजह है कि दर्शकों ने इसके सारे सीजन को दिल से प्यार दिया है। जल्द ही 'मिजार्पुरः द फिल्म' दर्शकों के सामने दस्तक देगी। इसकी शूटिंग राजस्थान में चल रही है। अभिनेता अली फजल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वे अपने किरदार गुड्डू भैया के किरदार में चलते नजर आ रहे हैं। पोस्ट कर उन्होंने लिखा, "'मिजार्पुरः द फिल्म' की शूटिंग इस समय जारी है और राजस्थान का शेड्यूल चल रहा है। खास तौर पर जैसलमेर और जोधपुर के लोगों का दिल से धन्यवाद। आपने हमें बहुत प्यार और अपनापन दिया। साथ ही परिवार जैसा समझा।" उन्होंने आगे लिखा, "उन सभी होटलों का भी धन्यवाद जिन्होंने हमें घर जैसा महसूस कराया जब हम अपने घर से दूर मेहनत कर रहे थे। खम्मा घणी।" पोस्ट देखकर फैंस के मन में उत्साह की लहर दौड़ गई। वे अब इस प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि इस सीरीज के पहले सीजन ने फैंस को दीवाना बना दिया था। कालीन भैया (पंकज त्रिपाठी), गुड्डू पंडित (अली फजल) और मुन्ना त्रिपाठी (दिव्येंदु) जैसे किरदारों ने फैंस के दिलों में खास पहचान बनाई थी, जो आज भी उस तरह बरकरार है। बताया जा रहा है कि 'मिजार्पुर' फिल्म में दमदार एक्शन और गद्दी के लिए लड़ते बाहुबलियों का संसार दिखाया जाएगा। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। इसमें कालीन भैया के रूप में पंकज त्रिपाठी, गुड्डू के रूप में अली फजल और मुन्ना के रूप में दिव्येंदु शर्मा जैसे कलाकार दिखाई देंगे। वेब सीरीज 'मिजार्पुर' का पहला सीजन 16 नवंबर, 2018 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों ने खूब प्यार दिया था। सीरीज की दीवानियत को देखते हुए मेकर्स ने इसका दूसरा सीजन 23 अक्टूबर, 2020 को स्ट्रीम किया था और 5 जुलाई, 2024 को अमेजन प्राइम वीडियो पर इसका तीसरा पार्ट रिलीज किया गया था।

# 'धुरंधर' में अपने भयानक किरदार को लेकर क्या सोचते हैं अर्जुन रामपाल? खुद किया बड़ा खुलासा



आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है। यह इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में शामिल हो चुकी है। रणवीर सिंह की अदाकारी वाली इस फिल्म में अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर. माधवन जैसे दमदार कलाकार नजर आ रहे हैं। अपनी मजबूत कहानी, जबरदस्त अभिनय और बेहतरीन म्यूजिक की वजह से इसे पूरे देश में दर्शकों का प्यार मिल रहा है।'धुरंधर' में अर्जुन रामपाल की भूमिका फिल्म में अर्जुन रामपाल ने मेजर इकबाल का किरदार निभाया है, जो एक निर्दयी आईएसआई मास्टरमाइंड है। उनके इस रोल को लेकर काफी तारीफ हो रही है। ग्रेजिया इंडिया से बातचीत में अर्जुन रामपाल ने बताया कि इस तरह का किरदार निभाना उनके लिए भावनात्मक रूप से काफी मुश्किल था। वह शूटिंग खत्म होते ही इस रोल से बाहर आना चाहते थे। किरदार से बाहर आना चाहते थे अर्जुन रामपाल अर्जुन रामपाल ने कहा 'मैं इस किरदार से जितनी जल्दी हो सके बाहर निकलना चाहता था। यह फिल्म करना इसलिए भी जरूरी था क्योंकि यह एक अहम कहानी पर बनी है। किसी घटना को बाहर से देखना अलग बात है, लेकिन पर्दे के पीछे क्या हुआ, उसे दिखाना ज्यादा रोमांचक होता है। शूटिंग के दौरान मुझे बहुत बुरा लगता था क्योंकि मैं अपने देश से बहुत प्यार करता हूं, लेकिन यही एक अभिनेता का काम होता है और उसे उस किरदार में पूरी तरह उतरना पड़ता है।' अगले साल रिलीज होगा सीक्वल 'धुरंधर' में भारत के स्पेशल एजेंट्स की बहादुरी दिखाई गई है। रणवीर सिंह इसमें एक निडर अंडरकवर जासूस की भूमिका में नजर आ रहे हैं। 5 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अब तक 589 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है। इस फिल्म का सीक्वल मार्च 2026 में रिलीज होगा।

# छह साल बाद टीवी पर लौटीं निया शर्मा



निया शर्मा, पूरे 6 साल बाद जी टीवी पर वापसी कर रही हैं। और यह वापसी निया शर्मा जी टीवी साल 2026 का स्वागत 'जी रिश्तों का मेला' न्यू ईयर स्पेशल के साथ कर रही हैं । अपने अनुभव को साझा करते हुए निया ने कहा, 'जी टीवी पर वापस आना मेरे लिए बहुत खास है। जब मैंने 'जमाई राजा' के साथ जी जॉइन किया था, तब मैं सिर्फ 23 साल की थी। आज 13 14 साल बाद ऐसा लग रहा है जैसे ज़िंदगी एक पूरा चक्कर लगाकर वापस उसी जगह आ गई हो। लोग आज भी मुझे रोशनी के नाम से जानते हैं और यही बताता है कि इस शो और इस चैनल ने मुझे कितना कुछ दिया है।'निया ने यह भी बताया कि जिस तरह से उनका स्वागत किया गया, उसने उन्हें हैरान कर दिया। जी परिवार के एक अपने सदस्य की तरह उन्हें अपनाया गया और पूरे कलाकारों के साथ करीब सात मिनट की लंबी परफॉर्मेंस करना, यह सब उनके लिए बेहद खास रहा। निया ने आगे कहा,'किसी भी इंसान के लिए सम्मान सबसे जरूरी होता है और जी ने मुझे वही एहसास दिया। बिल्कुल परिवार जैसा। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इतने सालों बाद भी मुझे इतना प्यार मिलेगा। इन शोज ने हमें हमारी पहचान दी है और इतनी कम उम्र में मुझ पर भरोसा करने के लिए मैं हमेशा जी की आभारी रहूंगी। 'जी रिश्तों का मेला' न्यू ईयर स्पेशल में निया सिर्फ एक परफॉर्मेंस तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि वो जी परिवार के साथ मिलकर एक बड़े म्यूज़िकल सेलिब्रेशन का हिस्सा बनेंगी। यह शाम जी टीवी के पुराने फेस्टिव जश्नों की याद दिलाएगी। निया ने बताया कि इस खास शाम में मस्ती भरी परफॉर्मेंस, पुराने चेहरों की मुलाकात, हंसी मजाक और कई ऐसे पल होंगे, जो दर्शकों को लंबे समय तक याद रहेंगे।

# नया साल-नई शुरुआत, एक्टर्स ने अपने 2026 के संकल्प बताए







कलर्स के 'मन्नत हर खुशी पाने की' की आयशा सिंह ने बताया, 'जैसे कि हम 2025 को अलविदा कह रहे हैं, शुक्रगुजार होने के लिए बहुत कुछ है। मुझे लगता है कि हम सभी को अपने लिए समय देना चाहिए और अपनी फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर ध्यान देना चाहिए। उम्मीद है कि 2026 में हम जिंदगी की छोटी-छोटी खुशियों को अपनाएँगे और बड़ी पिक्चर पर भी फोकस रखेंगे। मैं सभी को नए साल की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ देती हूँ।कलर्स के 'मंगल लक्ष्मी' में मंगल का किरदार निभाने वाली दीपिका सिंह ने बताया, 'यह साल मेरी जिंदगी का एक असली टर्निंग पॉइंट जैसा लगता है, जिसमें ऐसे पल आए जिन्हें मैं हमेशा याद रखूँगी। जॉर्जिया में शूटिंग ने दर्शकों के लिए मंगल के किरदार को निभाने में एक नया आयाम जोड़ा। फराह खान मैम के साथ स्क्रीन शेयर करना एक और यादगार पल था; उनके साथ काम करने से मुझे अपने काम में नई सोच और प्रेरणा मिली। जैसे ही मैं नए साल में कदम रख रही हूँ, मैं संतुष्टि और आत्मविश्वास के साथ ऐसा कर रही हूँ, यह जानते हुए कि दर्शक और फैंस मेरे साथ हैं। मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूँ कि 'मंगल लक्ष्मी' आगे कहाँ जाती है और दर्शक उसकी यात्रा को कैसे देखते रहते हैं। वर्तमान पल का आनंद लें, एक-दूसरे का ख्याल रखें, और परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएँ। माफ करें, भूल जाएँ, और आगे बढ़ें - यही मेरा मंत्र है। सभी को खुशी, तरक्की और यादगार पलों से भरे साल की शुभकामनाएँ।ह्व कलर्स के 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' की ईशा सिंह कहती हैं, 'साल का अंत मेरे लिए हर मायने में कलरफुल रहा है। 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' और 'नागिन 7' का हिस्सा होने से यह पक्का हो गया है कि मैं साल का अंत शानदार तरीके से कर रही हूं। 'लाफ्टर शेफ्स' की शूटिंग मेरे हफ्ते का सबसे खास हिस्सा है। सेट पर एनर्जी बहुत जबरदस्त होती है - पूरी टीम इतना जोश लाती है कि हर शूट पर हंसी की थेरेपी जैसा लगता है। जो बात मुझे सबसे ज्यादा हैरान करती है, वह यह है कि मैं खुद कुकिंग को कितना एन्जॉय कर रही हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं नए साल में डिशेज बनाते हुए, कुक-ऑफ का सामना करते हुए और इतने जोश के साथ चुनौती को अपनाते हुए आगे बढ़ूंगी। दर्शकों का प्यार बहुत ज्यादा और मोटिवेट करने वाला रहा है, और यह मुझे अपना बेस्ट देने के लिए प्रेरित करता है। मैं 2026 के कुक-ऑफ में हिस्सा लेने और 'डिनर-टेनमेंट' का अपना वर्जन पेश करने के लिए उत्साहित हूं। जैसे ही साल बदलेगा, मेरी उम्मीद है कि जिन लोगों का समय मुश्किल रहा है, उन्हें आने वाले दिनों में शांति, खुशी और एक नई शुरूआत मिले।'

# 'रिश्तों का मेला' को होस्ट करना मेरे लिए सच में बहुत खास था



जी रिश्तों का मेला एक बार फिर लौट आया है और इस बार जी कुटुंब 2026 का स्वागत बेहद भव्य और खास अंदाज में करने के लिए पूरी तरह तैयार है। न्यू ईयर स्पेशल में जी टीवी के वो किरदार एक साथ नजर आएंगे, जिन्हें दर्शक सालों से पसंद करते आए हैं। ये शाम मनोरंजन, अपनापन और ढेर सारी खुशियां लेकर आएगी। 31 दिसंबर को ऑन एयर होने वाला 'जी रिश्तों का मेला : न्यू ईयर स्पेशल' मस्ती, म्यूज़िक और यादगार पलों से सजा एक शानदार सेलिब्रेशन साबित होगाइस पूरे सेलिब्रेशन को और खास बनाती हैं श्रद्धा आर्य, जो इस न्यू ईयर स्पेशल को जय भानुशाली के साथ होस्ट करती नजर आएंगी। कुंडली भाग्य में प्रीता के अपने यादगार किरदार के लिए घर-घर में पहचानी जाने वाली श्रद्धा आज भी दर्शकों के दिलों में एक खास जगह रखती हैं।अपने अनुभव साझा करते हुए श्रद्धा आर्य कहती हैं, 'एक मां होने की जिम्मेदारी निभाने और शूटिंग के बीच बैलेंस बनाना मेरे लिए एक खूबसूरत सीख रहा है। कुछ दिन ऐसे होते हैं जब सब थोड़ा भारी लगने लगता है और सेट पर रहते हुए बच्चों की बहुत याद आती है। शूटिंग करते वक्त भी दिल का एक हिस्सा हमेशा उनके साथ रहता है। लेकिन जब लंबे दिन के बाद घर लौटती हूं और बच्चे मुझे कसकर गले लगाते हैं, तो सारी थकान पल भर में गायब हो जाती है। वही पल मुझे याद दिलाता है कि मैं दोनों दुनियाओं को साथ संभालने की कोशिश क्यों करती हूं। घर और सेट, दोनों जगह से मिलने वाला प्यार और सपोर्ट मेरे सफर को आसान बना देता है। जी टीवी की टीम के साथ शूट करना सच में काम को आसान बना देता है। वे मेरी जर्नी समझते हैं, मेरे वक्त की कद्र करते हैं और वही सुकून मेरी परफॉर्मेंस में भी झलकता है। जी रिश्तों का मेला 2025 को होस्ट करना और जी टीवी फैमिली के साथ न्यू ईयर का स्वागत करना मेरे लिए सच में बहुत खास था। ये बिल्कुल एक बड़े जश्न जैसा लगा, जहां यादें थीं, जोश था और ढेर सारा प्यार था। सबसे प्यारी बात ये है कि आज भी सेट पर लोग मुझे प्रीता ही बुलाते हैं। कई बार तो लगता है जैसे 'कुंडली भाग्य' अभी भी चल रहा है और मैं उसी की शूटिंग कर रही हूं। मुझे प्रीता होना बहुत पसंद है। इस किरदार ने मुझे जो प्यार, पहचान और अपनापन दिया है, वो मेरे लिए हमेशा अनमोल रहेगा।

# यामी गौतम ने किए खुलासे, कहा- शादी का कोई फिल्मी प्रपोजल नहीं था



फिल्ममेकर आदित्य धर 'धुरंधर' की कामयाबी से खुश हैं। इसमें रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, संजय दत्त और आर माधवन ने अहम किरदार निभाया है। हाल ही में आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम ने अपनी शादी के बारे में कई खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि कैसे उनका रिश्ता बिना किसी फिल्मी ड्रामे के बेहतर बना।'उरी' के सेट पर परवान चढ़ा रिश्ता ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे से बातचीत में यामी गौतम ने बताया कि उनका रिश्ता फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' के वक्त बेहतर हुआ। उन्होंने कहा 'ऐसा कोई फिल्मी प्रपोजल नहीं था कि वह कहें कि हम आपको प्रपोज करने जा रहे हैं। मुझे आदित्य धर की सादगी पसंद आई। मुझे बस ये पता था कि हम शादी करने जा रहे हैं। दोनों के परिवार हमें मिलाना चाहते थे और काफी खुश थे।' किस तरह की शादी चाहती थीं यामी? अभिनेत्री ने बताया 'मैं चाहती थी कि मेरी शादी इस तरह से हो कि कुछ परिवार के लोग हों। हर किसी का आशीर्वाद हो और हमारे आस-पास प्राकृतिक वातावरण हो। मैं चाहती थी कि जहां शादी हो वहां बैकग्राउंड में ऊंचे-ऊंचे देवदार के पेड़ हों, पहाड़ियां हों।' यामी ने किया खुद का मेकअप यामी गौतम ने बताया कि उन्होंने अपनी शादी को इतना आसान बनाया कि उन्होंने खुद का मेकअप किया। उन्होंने कहा 'मैंने अपना मेकअप खुद किया। मुझे लगा कि यह बहुत मुश्किल है, लेकिन यह काम आसान था। सुरीली ने मेरे बाल बनाए।' यामी ने की आदित्य धर की तारीफ आदित्य धर की तारीफ करते हुए यामी गौतम ने कहा 'वह ऐसे आदमी हैं जो आज के दौर में मिलना मुश्किल है। मैं जब 'आर्टिकल 370' का प्रमोशन कर रही थी, तब प्रेग्नेंट थी। उस वक्त आदित्य धर यह पक्का करना चाहते थे कि मैं कम्फर्टेबल रहूं। इसलिए उन्होंने मुझे एक तकिया दिया।' यामी गौतम ने आगे बताया कि जब वह 'उरी' के सेट पर जमीन पर बैठकर खाना खा रही थीं, तब उन्होंने अपनी डायरेक्टर की कुर्सी ऑफर की।



# आजतक ऐसे अवतार में नजर नहीं आई रश्मिका मंदाना



रश्मिका मंदाना ने अब तक अपनी मासूम मुस्कान, चुलबुले किरदारों और रोमांटिक भूमिकाओं से दर्शकों के दिल जीते हैं, लेकिन उनकी आने वाली पैन-इंडिया फिल्म 'मैसा' का टीजर यह साफ कर देता है कि अभिनेत्री अब अपने करियर के एक बिल्कुल नए और साहसी मोड़ पर कदम रख चुकी हैं। हाल ही में रिलीज हुए टीजर में रश्मिका का ऐसा रूप देखने को मिला है, जिसने फैंस और इंडस्ट्री दोनों को चौंका दिया है।टीजर में क्या कुछ आया नजर? टीजर की शुरूआत में ही आवाज सुनाई देती है जो बताती है कि ये कहानी एक ऐसी बेटी की है जो मौत के सामने झुकने से इनकार कर देती है। इसी भावनात्मक पृष्ठभूमि में रश्मिका का किरदार सामने आता है, जिसकी आंखों में गुस्सा, शरीर की भाषा में विद्रोह और चीख में वर्षों का दबा हुआ दर्द झलकता है। टीजर में रश्मिका मंदाना का यह रूप एक ऐसी महिला का है, जिसे हालात ने लड़ना सिखा दिया है। उनका उग्र लुक, मिट्टी से सना चेहरा और आक्रामक अंदाज इस ओर इशारा करता है कि 'मैसा' सिर्फ एक एक्शन फिल्म नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, प्रतिरोध और अस्तित्व की लड़ाई की कहानी है। रश्मिका मंदाना ने साझा किया टीजर सोशल मीडिया पर टीजर शेयर करते हुए रश्मिका ने खुद भी संकेत दिए कि दर्शकों ने अभी इस कहानी की सिर्फ झलक देखी है। उनका कहना था कि यह तो बस शुरूआत है और आने वाले महीनों में फिल्म की असली गहराई सामने आएगी। इससे साफ है कि मेकर्स इस प्रोजेक्ट को धीरे-धीरे परतें खोलते हुए दर्शकों तक ले जाना चाहते हैं। फिल्म मैसा का निर्देशन 'मैसा' का निर्देशन नवोदित निर्देशक रवींद्र पुल्ले कर रहे हैं, जबकि इसे अनफॉमूर्ला फिल्म्स के बैनर तले बनाया जा रहा है। यह फिल्म गोंड जनजाति की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर आधारित एक इमोशनल एक्शन थ्रिलर बताई जा रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in